दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 81 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक | सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 | कार्तिक षष्ठी तिथि संवत् - 2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मलेशिया में रेड कार्पेट पर नाचे ट्रम्प: कंबोडिया-थाईलैंड के बीच शांति समझौता कराया

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 के आसियान शिखर सम्मेलन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बोले...**

# 21वीं सदी भारत और आसियान की सदी है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेड कॉर्पेट पर स्थानीय कलाकारों के साथ डांस किया। कुआलालंपुर में ट्रम्प की मौजूदगी में थाईलैंड और कंबोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रम्प का बड़ा रोल था। कुआलालंपुर पहुंचने पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कार्पेट पर उनका स्वागत किया। वे आसियान समिट में शामिल होने मलेशिया पहुंचे हैं। ट्रम्प 2017 के बाद पहली बार इस सम्मेलन में शामिल हुए। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। पीएम मोदी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आसियान को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आसियान भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का सबसे अहम हिस्सा है। भारत हमेशा आसियान की लीडरशिप और इंडो-पेसिफिक क्षेत्र के लिए इसके नजरिए का समर्थन करता है।



### मलेशिया में आज से 47वीं आसियान समिट

मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आज से आसियान समिट की शुरुआत हो रही है। यह समिट दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का बड़ा मंच है, जहां व्यापार, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कृति जैसे मुद्दों पर बात होगी। इस साल के आसियान समिट की थीम इनक्लूसिविटी एंड सस्टनेबिलिटी है। भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस समिट में हिस्सा लिया। पहले पीएम मोदी के शामिल होने की खबर थी, लेकिन उन्होंने इसे वर्चुअली संबोधित किया।

## 'आसियान विजन 2045' और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य पूरी दुनिया के लिए बेहतर भविष्य बनाएंगे

पीएम ने कहा कि 21वीं सदी भारत और आसियान की सदी है। मुझे भरोसा है कि 'आसियान विजन 2045' और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य पूरी दुनिया के लिए बेहतर भविष्य बनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस साल की थीम 'इनक्लूसिविटी एंड सस्टनेबिलिटी' है। यह थीम हमारे साझा कामों में दिखती है, जैसे डिजिटल सुविधाएं सब तक पहुंचाना, फूड सिक्योरिटी और लॉजिस्टिक सप्लाई मजबूत करना। भारत इसका पूरा समर्थन करता है और इस दिशा में काम करने को तैयार है। मोदी ने कहा- भारत हर मुश्किल समय में आसियान देशों के साथ खड़ा रहा है। डिजास्टर मैनेजमेंट, समुद्र की सुरक्षा और ब्लू इकोनॉमी में हमारा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने ऐलान किया कि 2026 को 'भारत-आसियान समुद्री सहयोग का साल' बनाया जाएगा। इसके तहत पढ़ाई, पर्यटन, विज्ञान, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा में एक-दूसरे की मदद बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 के आसियान शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें आसियान देशों के साथ फिर से जुड़ने का मौका मिला। उन्होंने मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। पीएम मोदी ने तिमोर-लेस्ते को आसियान का नया सदस्य बनने पर स्वागत किया।

## दिल्ली में छात्रा पर एसिड अटैक, दोनों हाथ झुलसे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अशोक विहार में रविवार सुबह 20 साल युवती पर एसिड अटैक हुआ। आरोपियों ने युवती के चेहरे पर अटैक करना चाहा था, लेकिन उसने बचने के लिए अपने बैग का सहारा लिया, इस दौरान उसके दोनों हाथ झुलस गए। घटना को अंजाम देकर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर झुलसी पीड़ित को लोगों ने देशबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित मुकुंदपुर की रहने वाली है और दिल्ली यूनिवर्सिटी के लक्ष्मीबाई कॉलेज की सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के CCTV तलाशे जा रहे हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।




## देशभर में SIR की तारीखों का करेगा ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सोमवार को देशभर में विशेष इंटेंसिव रिवीजन (SIR) करने का ऐलान करेगा। आयोग इसकी जानकारी शाम 4.15 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में देगा। पहले चरण में 10 से 15 राज्यों SIR होगी। यह वे राज्य होंगे, जहां अगले एक साल में विधानसभा चुनाव होना हैं। असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया था कि उन राज्यों में SIR अभी नहीं होगा, जहां स्थानीय निकायों के चुनाव होना हैं। इसका कारण है कि निचले स्तर पर कर्मचारी उन चुनाव में व्यस्त होंगे। वे SIR के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। चुनाव के बाद इन राज्यों में SIR होगा। आयोग ने SIR लागू करने की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ हाल ही में दो बैठकें की हैं। कई सीईओ ने अपनी पिछली SIR के बाद जारी की गई वोटर लिस्ट संबंधित राज्यों की वेबसाइट्स पर डाल दी है।

## पंजाब में 112 दवाओं की बिक्री पर रोक

**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार ने राज्य में 112 दवाओं की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) की ओर से इन दवाओं को घटिया दवा घोषित किया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने इन दवाओं की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

## अमेरिका बोला... भारत की कीमत पर पाकिस्तान से दोस्ती नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुबियो ने बताया कि अमेरिका और पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उसकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने अमेरिका-पाकिस्तान की नजदीकी पर चिंता जताई, तो रुबियो ने कहा कि भारतीय डिप्लोमेसी में समझदारी है। वे जानते हैं कि हमें कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं। उनके भी कुछ देशों से रिश्ते हैं। यह समझदारी भरी विदेश नीति का हिस्सा है। पाकिस्तान से फिर रणनीतिक दोस्ती बनाना चाहते हैं पाकिस्तान के साथ अमेरिका के



रिश्तों पर एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या यह दोस्ती इसलिए बढ़ी क्योंकि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में मदद की। इस पर रुबियो ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है हमने इससे पहले ही पाकिस्तान से बात शुरू की थी। हम उनके साथ रणनीतिक दोस्ती फिर से बनाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम कई चीजों पर एक साथ काम कर सकते हैं। अमेरिका बोला- भारत की कीमत पर पाकिस्तान से दोस्ती नहीं:भारतीय डिप्लोमेसी में समझदारी, उन्हें पता है कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं।



## सम्पादकीय

# राहुल की राजनीति, प्रचार के लिए आने में देरी क्यों?

हाल चुनाव प्रचार के समय जब इसकी चर्चा होती है कि प्रमुख दलों के नेताओं की गतिविधियां क्या हैं और वे अपनी चुनावी सभाओं में क्या कह रहे हैं, तब बिहार में महागठबंधन और विशेष रूप से उसके एक प्रमुख घटक कांग्रेस के बीच यह प्रश्न उठ रहा है कि आखिर राहुल गांधी प्रचार के लिए आने में देरी क्यों कर रहे हैं? राहुल गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर बिहार में जोरशोर से चुनाव प्रचार करना शुरू किया था।
उनके तेवरों से यह लग रहा था कि वे बिहार विधानसभा चुनावों को गंभीरता से ले रहे हैं और इन चुनावों के माध्यम से अपने एक प्रमुख गढ़ रहे प्रदेश में पार्टी को नए सिरे से खड़ा करने की तैयारी में हैं, लेकिन पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने एक लंबे समय से बिहार की ओर रुख ही नहीं किया। उनकी पिछली बिहार यात्रा करीब दो महीने पहले हुई थी।
इस बीच प्रधानमंत्री समेत भाजपा के कई प्रमुख नेताओं ने बिहार में भाजपा की चुनावी सभाओं को संबोधित किया और तेजस्वी यादव ने भी अपनी सक्रियता दिखाई, लेकिन किन्हीं अज्ञात कारणों से राहुल गांधी ने बिहार जाना आवश्यक नहीं समझा। उन्होंने बिहार जाने के बजाय कोलंबिया और पेरू जैसे देशों की यात्रा करना आवश्यक समझा। वे वहां से लौट भी आए, लेकिन बिहार नहीं गए।
यह तो वही बता सकते हैं कि उन्होंने विदेश यात्रा से लौटकर भी बिहार जाना जरूरी क्यों नहीं समझा, लेकिन यदि उनकी अनुपस्थिति को लेकर कांग्रेस के नेता ही अपनी निराशा व्यक्त कर रहे हों तो इसके लिए राहुल गांधी ही जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी के ऐसे ही रवैये के कारण प्रायः यह कहा जाता है कि राजनीति उनकी रुचि का विषय नहीं है।
यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने पार्टी के चुनाव प्रचार को लेकर उदासीनता का परिचय दिया हो। वे कुछ और राज्यों में भी ऐसा ही कर चुके हैं। इसी तरह वे जिन मुद्दों को तूल देते हैं उनका परित्याग भी कर देते हैं। एक ऐसे समय जब कांग्रेस अपने खोए हुए जनाधार को फिर से हासिल करने के लिए हाथ-पैर मार रही है तब राहुल गांधी का रवैया पार्टी के लिए नुकसानदायक ही है।
वे केवल कांग्रेस की संभावनाओं को ही स्याह करने का काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक न होने का भी संदेश दे रहे हैं। इस संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में अनावश्यक देर की।
उसने ऐसा तब किया जब वह बिहार में अपने राजनीतिक भविष्य के लिए राष्ट्रीय जनता दल पर ही निर्भर है। समझना कठिन है कि इस निर्भरता के बाद भी उसने समय रहते तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करने का फैसला क्यों नहीं किया?



## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 27 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1676 - पोलैंड और तुर्की ने वारसा की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1795 - अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1806 - फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी।
- 1947 - जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत में जम्मू कश्मीर के विलय को स्वीकार कर लिया।
- 1959 - पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे।
- 1968 - मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
- 1978 - मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजरायल के प्रधानमंत्री मेनाचेम को शांति का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 1995 - यूक्रेन में कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयुत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णत: बन्द किया गया।
- 1997 - एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
- 2003 - चीन में भूकम्प से 50,000 से अधिक लोग प्रभावित, बगदाद में बम धमाकों से 40 लोगों की मृत्यु।
- 2004 - चीन ने विशालकाय क्रेन का निर्माण किया। फ़्रांस के विदेश मंत्री माइकल वार्नियर दो दिवसीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।
- 2008 - केन्द्र सरकार ने अख़बार उद्योग के पत्रकारों और ग़ैर पत्रकारों को अंतरिम राहत की अधिसूचना जारी की।
- 27 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1984 - इरफ़ान पठान - भारत के प्रतिभाशाली आल राउंडर क्रिकेटर हैं।
- 1966 - दिब्येन्द बरुआ - भारत में शतरंज के दूसरे ग्रैंड मास्टर हैं।
- 1950 - श्री श्रीवत्स गोस्वामी - वैष्णव विद्वान हैं। वह श्री चैतन्य प्रेम संस्थान, वृन्दावन के निदेशक हैं।
- 1945- लुइज़ इंसियो लूला दा सिल्वा- ब्राज़ील के पैतीसवें राष्ट्रपति रहे हैं।
- 1928 - दत्ताजी राव गायकवाड़ - भारतीय क्रिकेटर थे।

## विशेष आलेख

# क्या शादी के लिए कुंडली, मंत्रोच्चार और ज्योतिष की भूमिका अहम रहती है?



रामस्वरूप रावतसरे

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के तीन प्रोफेसरों और दो शोधार्थियों ने शादियाँ टूटने एवं लव अफेयर, लिव-इन रिलेशनशिप और घरेलू हिंसा जैसे कारणों पर गहन रिसर्च किया है। उनके इस रिसर्च के निष्कर्ष में चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। रिसर्च में पाया गया कि 37 प्रतिशत शादियाँ सिर्फ इसलिए टूट रही हैं क्योंकि वर-वधु की कुंडली ठीक से मिलाई ही नहीं गई। ग्रह दोषों को नजरअंदाज कर शादियाँ कर ली जाती हैं, जिसके बाद रिश्ते बिखर जाते हैं। कभी लव अफेयर में फँसकर एक-दूसरे का मर्डर करवा देते हैं, तो कभी परिवार व साथी से संतुष्टि नहीं होने के कारण नया साथी तलाशने लगते हैं। यह रिसर्च बीएचयू के ज्योतिष विभाग में आयोजित एक सेमिनार में पेश की गई। इस सेमिनार में भारत के 15 राज्यों से शोधार्थी पहुँचे, साथ ही नेपाल, सिंगापुर और दुबई से भी विशेषज्ञ शामिल हुए। इस सेमिनार में प्रोफेसर विनय पाण्डेय ने अपना शोधपत्र पढ़ा। प्रोफेसर विनय पाण्डेय के अनुसार लडक़ा-लडक़ी की कुंडली में 36 में से 32 गुण मिलने के बावजूद ग्रहों का मिलान जरूरी है। लेकिन आजकल लोग मॉडर्न दिखने के चक्कर में सनातन रस्में निभाते ही नहीं। शादी में फोटोशूट और सेल्फी में व्यस्त रहते हैं। मंत्रों का उच्चारण तक नहीं होता। नतीजा? शादियाँ टूट रही हैं, पति-पत्नी एक-दूसरे का खून कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में पति-पत्नी के बीच जघन्य हत्याओं के मामले बढ़े हैं। ज्यादातर केसों में एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर का हाथ होता है। प्रो. विनय ने कहा, जब कुंडली और ग्रह मिलान ठीक से होता है, तो रिश्ता 100 प्रतिशत सही चलता है। ज्योतिष तो एक तरह की गणित है, वैज्ञानिक तथ्य है। जानकारों के अनुसार रिसर्च की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि हिंदू धर्म में विवाह को अटूट बंधन माना जाता है। लेकिन आधुनिकता के नाम पर परंपराओं को ठुकरा दिया जा रहा है। ज्योतिष विभाग के प्रमुख प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी के अनुसार लोग अधिक आधुनिक होने का ढोंग करते हैं। कुंडली मिलान को बकवास मानते हैं। नतीजे आपके सामने हैं- तलाक, हिंसा और हत्याएँ। रिसर्च टीम ने महसूस किया कि ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों तक यही समस्या फैल रही है। लिव-इन और लव अफेयर को बढ़ावा मिल रहा है, लेकिन शादी के बाद रिश्ते संभाल नहीं पाते। ये रिसर्च करीब डेढ़ साल से चल रही बताई जा रही है। आँकड़े आने के बाद उन पर रिसर्च में छह महीने लगे। इस टीम में प्रो. विनय पाण्डेय, प्रो. आशुतोष त्रिपाठी, प्रो. अमित कुमार मिश्रा, शोधार्थी गणेश प्रसाद और नेपाल की पीएचडी छात्रा रोदना घिनरे शामिल थे। डेटा इक_ करने के लिए दो तरीके अपनाए गए। पहला बीएचयू ज्योतिष विभाग की ओपीडी से , यहाँ पूरे देश से लोग कुंडली दिखाने आते हैं। दूसरे शोधार्थियों को यूपी के 12 जिलों में भेजा गया। वहाँ उन जोड़ों को चुना गया जिनकी शादी के तीन साल के अंदर तलाक हो गया था। कुल 250 केस इक_ किए गए। इनके परिवारों से तीन सवाल पूछे गए। 1-शादी से पहले कुंडली मिलाई गई अथवा नहीं ? कितने गुण मिले? कोई ग्रह दोष तो नहीं था? 2-अगर दोष मिला, तो शादी क्यों की? 3-शादी के दौरान सनातन रीति-रिवाज पूरी तरह अपनाए गए अथवा नहीं ? ये सवाल सरल थे, लेकिन जवाबों ने सच्चाई उजागर कर दी। प्रो. विनय कहते हैं, डेटा एनालिसिस में पाया कि 37 प्रतिशत केसों में शादी के एक-दो साल में ही टूटाव आ गया। कारण? कुंडली ठीक से नहीं मिलाई गई। लोग जल्दबाजी में रिश्ता पक्का कर लेते हैं। बाकी 63 प्रतिशत मामलों में सनातन रीति-रिवाजों की अनदेखी हुई। मुहूर्त होटल बुकिंग के हिसाब से तय किया गया। मंत्रोच्चारण अधूरा रहा। उन्होंने कहा, शादी एक धार्मिक संस्कार है, लेकिन लोग इसे पार्टी बना देते हैं। प्रो. विनय पाण्डेय के अनुसार जिन लोगों की कुंडलियाँ विवाह के समय नहीं मिलाई जाती, वो भी तो सफल या फिर असफल-दो ही श्रेणियों में आती हैं। ऐसे में सफल और असफल होने के पीछे भी ज्योतिष की गणनाओं को माना जाए? प्रो. विनय पाण्डेय ने कहा, 'सफल या असफल शादियों, चाहे वो किसी भी धर्म-देश की हों, उनकी भी ज्योतिषीय गणना निकाली जा सकती है। कुंडली न मिलाने का मतलब ये नहीं हुआ कि उनकी कुंडली मिल नहीं रही। पीछे से सबकुछ सही होने पर ही शादियाँ चलती हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिष को गणितीय नजर से देखेंगे, तो फर्क समझ में आएगा। उन्होंने कहा कि प्रेम-विवाह करने वाली शादियाँ भी टूट रही हैं और वो चल भी रही हैं। अगर उनकी कुंडलियों का मिलान किया जाए, तो सबकुछ सामने आ जाएगा। गणित हर जगह मौजूद है, चाहे उसकी जानकारी किसी को हो या न हो। रिसर्च के मुख्य निष्कर्ष यही हैं कि कुंडली मिलान सिर्फ गुणों की गिनती नहीं, बल्कि ग्रहों का गहरा विश्लेषण है। प्रो. विनय ने स्पष्ट किया, कुंडली मिलान दो तरह का होता है - अष्टकूट (गुण मिलान) और ग्रह मिलान। ज्यादातर ज्योतिषी गुण तो मिला देते हैं, लेकिन ग्रहों की गहराई नहीं देखते। 36 में से 32 गुण मिलने पर भी अगर ग्रह दोष है, तो रिश्ता नहीं चलता। प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी के अनुसार 36 गुणों में कम से कम 18 का मिलान जरूरी है, लेकिन लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। देखा गया है 63 प्रतिशत केसों में मुहूर्त होटल बुकिंग पर निर्भर था। हिंदू धर्म में तलाक का कोई स्पष्ट वर्णन नहीं है। विवाह मेलापक से पक्का होता है। रिसर्च में पाया कि जहाँ कुंडली सही मिलाई गई, वहाँ तलाक की दर शून्य रही। लेकिन लापरवाही से न सिर्फ तलाक, बल्कि घरेलू हिंसा और हत्याएँ बढ़ीं। एक केस में पत्नी ने लव अफेयर के चक्कर में पति का मर्डर करवा दिया। वजह? ग्रह दोष को अनदेखा किया गया। रिसर्च ने राज्यवार तलाक दरों पर भी रोशनी डाली है। भारत में कुल तलाक दर करीब 1 प्रतिशत है, लेकिन शहरी इलाकों में 30 प्रतिशत तक बढ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कम, लेकिन तलाक की संख्या बढ़ रही है। रिसर्च टीम ने सरकारी आँकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि ज्योतिषीय लापरवाही ही मुख्य कारण है। सेमिनार में विशेषज्ञों ने कहा कि आधुनिकता में परंपरा को अपनाना भी जरूरी है। ऐसे में फोटोशूट तो कराते रहिए, लेकिन मंत्रोच्चार और ज्योतिष की भूमिका को भी स्वीकार करना जरूरी है। रिसर्च टीम के सुझावों को माने तो शादी से पहले पंडित की सलाह लें। मुहूर्त पंचांग से चुनें, न कि होटल बुकिंग से। ग्रह दोष पर उपाय करवाएँ।

# रिश्ते भी पौधों की तरह हैं -समय और प्यार से ही खिलते हैं


*हम ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहां समय की कीमत अनमोल रत्नों से भी बढक़र हो गई है। सुबह की शुरुआत मोबाइल के अलार्म से होती है, और रात स्क्रीन की नीली रोशनी में डूबकर ख़त्म। इस आपाधापी में हम उन रिश्तों को अनदेखा कर रहे हैं।*



प्रो. आरके जैन

आज की तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी में एक सवाल बार-बार मन को कुरेदता है—क्या हम वाकई अपनों के लिए समय निकाल पाते हैं? यह सवाल साधारण-सा लगता है, मगर इसके जवाब में छिपी सच्चाई हमारे जीवन की स्याह हकीकत बयान करती है। हम ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहां समय की कीमत अनमोल रत्नों से भी बढक़र हो गई है। सुबह की शुरुआत मोबाइल के अलार्म से होती है, और रात स्क्रीन की नीली रोशनी में डूबकर ख़त्म। इस आपाधापी में हम उन रिश्तों को अनदेखा कर रहे हैं, जो कभी हमारी दुनिया का आधार थे। माता-पिता की मुस्कान, बच्चों की मासूम बातें, दोस्तों के साथ बेफिक्र लम्हे, या जीवनसाथी के साथ वो सुकून भरे खामोश पल—ये सब अब धीरे-धीरे हमारी प्राथमिकताओं से बाहर हो रहे हैं। पहले वक्त था, जब परिवार का मतलब था सबका एक साथ डाइनिंग टेबल पर बैठना, दिनभर की कहानियां बांटना, और हंसी-ठहाकों में समय का अहसास ही खो जाना। आज वही परिवार एक छत के नीचे रहकर भी अलग-अलग स्क्रीनों में बंटा हुआ है। माता-पिता टीवी के सामने, बच्चे हेडफ़ोन के साथ यूट्यूब में खोए, और हम सोशल मीडिया के अंतहीन भंवर में डूबे। हमारी उंगलियां स्क्रीन पर तो दौड़ती हैं, लेकिन अपनों के दिल की बात पढने का वक्त गुम हो गया। हम ऑनलाइन हर पल मौजूद हैं, पर अपनों के लिए 'ऑफलाइन' हो चुके हैं। हम अक्सर कहते हैं, समय नहीं है। लेकिन क्या यह सचमुच सच है? दिन के चौबीस घंटों में हम घंटों सोशल मीडिया पर भटकते हैं, नेटफ्लिक्स की दुनिया में खोए रहते हैं, व्हाट्सएप की चैट में उलझे रहते हैं, मगर मां से पांच मिनट की बातचीत के लिए वक्त नहीं निकलता। बच्चों के साथ हंसी-खेल की बात तो दूर, उनकी आंखों में झांककर यह पूछने का मौका नहीं मिलता कि उनका दिन कैसा गुजरा। रिश्ते अब 'वीकेंड प्लान' बनकर सिमट गए हैं, जिन्हें हम किसी प्रोजेक्ट की तरह 'मैनेज' करने की जद्दोजहद में लगे हैं। लेकिन रिश्ते कोई टू-डू लिस्ट नहीं, जिसे चेकमार्क लगाकर भुला दिया जाए। रिश्तों को जीना पड़ता है, संजोना पड़ता है, और इसके लिए दिल से समय देना पड़ता है। आधुनिक जीवन ने हमें सुविधाओं का खजाना सौंपा है तकनीक, अवसर, चमक-दमक। लेकिन इसके बदले उसने हमसे अपनापन छीन लिया। तकनीक ने वादा किया था कि वह हमें जोड़ेगी, मगर हकीकत में वह हमें भावनात्मक रूप से और दूर धकेल रही है। वर्क-फ्रॉम-होम ने घर को दफ्तर बना दिया, लेकिन घर का सुकून कहीं गुम हो गया। हम गैजेट्स से बतियाते हैं, पर सामने बैठे अपनों से दो शब्द बोलने का वक्त नहीं। सबसे दर्दनाक यह है कि यह दूरी हमें अब सामान्य लगने लगी है। पास रहकर भी अनदेखा करना हमारी आदत बन गई है। यह अनदेखी सिर्फ रिश्तों तक नहीं रुकती; यह हमारे मन को भी खोखला कर रही है। आज अकेलापन, तनाव, और अवसाद आम बात हो गए हैं। मनोवैज्ञानिक अध्ययन चीख-चीखकर बताते हैं कि अपनों से जुड़ाव की कमी मानसिक स्वास्थ्य को तार-तार करती है। इंसान सामाजिक प्राणी है उसे अपनों की गर्माहट चाहिए, किसी की फिक्र चाहिए, किसी का साथ चाहिए।

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान




**परोपकार का परिणाम :** एक बार की बात है गांव में एक संत आए और उन्होंने देखा की बहुत सारे लोग मिलकर एक सर्प को मार रहे हैं। संत ने उन लोगों को कहा कि आप लोग इस बेचारे निरीह प्राणी को क्यों मार रहे हैं? इसने आपका क्या बिगाड़ा है? तब गांव वालों ने कहा कि अगर हम इसको नहीं मारेंगे तो यह हमको नुकसान पहुंचाएगा? यह सुनते ही संत ने उन लोगों को समझाते हुए कहा कि यह तब तक आप लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा, जब तक कि आप लोग इसको नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। कुछ दिनों बाद संत जी पास के ही एक तालाब में नहाने जा रहे थे तो उन्होंने रास्ते में एक सर्प को देखा वह सर्प संत की ओर फन काढ़े है बैठा था। संत ने उस सर्प को देखकर अपना रास्ता बदल लिया और तालाब की दूसरी ओर जाकर नहाने लगे। कुछ देर बाद जब वह आए तो देखा कि तालाब के जिस तरफ वह नहाने जा रहे थे। उसी तरफ बारिश की वजह से बहुत बड़ा गड्ढा हो गया था। अगर सर्प ने उनका रास्ता नहीं रोका होता तो संत उस गड्ढे में समा जाते, इसीलिए कहा गया है कि परोपकार इस दुनिया का सबसे बड़ा धर्म है और यह कभी भी खाली नहीं जाता। अगर आपने किसी व्यक्ति या प्राणी पर परोपकार किया है तो भगवान आपकी भी मुख्य समय पर सहायता करेंगे।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# डायबिटीज से लेकर कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में कारगर है इसबगोल की भूसी, जानें कैसे करें सेवन

इसबगोल एक नेचुरल फाइबर है, जो प्लांटैगो ओवाटा नामक पौधे के बीजों से निकाला जाता है। इसबगोल की भूसी औषधीय गुणों से भरपूर होती है। आयुर्वेद में इसका इस्तेमाल कई बीमारियों का इलाज करने के लिए सदियों से किया जा रहा है। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने से लेकर वजन घटाने में मदद करता है। आपने अक्सर लोगों को कब्ज से दस्त की समस्या होने पर इसका सेवन करते देखा होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसबगोल की भूसी का सेवन करने से सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं। जी हां, नियमित रूप से इसबगोल की भूसी का सेवन करने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इसबगोल की भूसी का सेवन करने से हाई ब्लड शुगर और हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

**ब्लड शुगर कंट्रोल करे :** इसबगोल की भूसी में घुलनशील फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो भोजन के बाद ब्लड शुगर के स्तर में अचानक वृद्धि को रोकता है। यह फाइबर भोजन के साथ मिलकर एक जेल जैसा पदार्थ बनाता है, जिससे शुगर धीरे-धीरे रक्त में अवशोषित होता है। साथ ही, यह इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करती है और शुगर पचाने में मदद करती है।

**हाई कोलेस्ट्रॉल में फायदेमंद :** इसबगोल की भूसी का सेवन करने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। साथ ही, यह टोटल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में भी मदद करती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए सेहत पर थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा और आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। बिजनेस की कोई डील लंबे समय से आपकी हुई थी।

**वृष**
आज आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में या भावनाओं में बेहतर लेने से बचना होगा। आप अपने कामों में थोड़ा समझदारी और बुद्धि का प्रयोग करके ही आगे बढ़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में भी छुटपुट लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपका ध्यान कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

**सिंह**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उनका प्रमोशन होने से उनका मन काफी खुश रहेगा। आपको कोई दूसरी नौकरी का ऑफर भी आ सकता है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कला और कौशल में निखार आएगा।

**तुला**
आज आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप कोई भी काम थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें, क्योंकि आपके शत्रु आपकी छवि ख़राब करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपनी बचत पर भी पूरा ध्यान देंगे और संतान को आप कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके सामने कुछ खर्च ऐसे आएंगे, जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। परिवार के सदस्यों में किसी बात को लेकर वाद विवाद हो, तो आपस उसमें चुप रहने की कोशिश करें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आपको किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जिसके लिए यात्राएं भी अधिक होगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो बेवजह का लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। करियर में आपका अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आपका बिजनेस भी पहले से बेहतर रहेगा, जो आपको खुशी देगा, क्योंकि आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बातचीत करने में व्यतीत करेंगे, जिससे पुराने गिले शिकवे भी दूर होंगे और कारोबार में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

## अब जड़ से खत्म होगा विलायती बबूल, राजस्थान सरकार ने की तैयारी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विलायती बबूल को अब जड़ से खत्म करने की राज्य सरकार ने तैयारी कर ली है। जिले में मानव, मवेशियों व पेड़ पौधों का दुश्मन बन चुके विलायती बबूल (प्रोसोपिस जुलिफोरा) को अब जड़ से नष्ट किया जाएगा।

राज्य सरकार व जिला प्रशासन ने इसके लिए व्यापक कार्य योजना की तैयारी शुरू कर दी है। वन एवं राजस्व विभाग के जिम्मेदार अफसर जल्द ही इस बारे में आदेश जारी करेंगे। ताकि इस पौधे की कटाई के लिए बार-बार अनुमति लेने की आवश्यकता समाप्त हो और किसी प्रकार की वैधानिक बाधा उत्पन्न नहीं हो।

यह अभियान हर गांव में चलाया जाएगा। मनरेगा और स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर चरणबद्ध तरीके से इसका उन्मूलन किया जाएगा।

सभी विभागों और आम जनता के सहयोग से विलायती बबूल मुक्त प्रदेश का सपना साकार किया जाएगा। इसकी गहरी जड़ें और अत्यधिक जल सोखने की क्षमता भू-जल स्तर में गिरावट और मृदा की उर्वरता में कमी का कारण बन रही हैं। इससे देशी पौधों की प्रजातियां भी नष्ट हो रही हैं।

### ऐसे समझें विलायती बबूल से होने वाले नुकसान

- यह बहुत तेजी से फैलता है और आस-पास की जमीन से सभी पोषक तत्वों और पानी को सोख लेता है, जिससे स्थानीय पेड-पौधे खत्म होने लगते हैं।
- इसकी जड़ें बहुत गहराई तक जाती हैं और अत्यधिक मात्रा में पानी खींचती हैं, जिससे जल स्तर तेजी से गिरता है।
- यह मिट्टी में मौजूद नमी और पोषक तत्वों को कम कर देता है, जिससे जमीन बंजर हो सकती है। इसके आस-पास के दूसरे पौधे नहीं पनपते।
- यह खाली या उपजाऊ भूमि पर तेजी से फैलकर खेती योग्य भूमि को नष्ट कर देता है।

## जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं विधायक राजेंद्र गुर्जर ने की जनसुनवाई



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** ग्राम पंचायत फुलेता में सेवा पर्व पंखवाड़ा के अंतर्गत के आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने जन-सुनवाई की।

इस अवसर पर जिला प्रमुख एवं विधायक ने जिला परिषद मद से स्वीकृत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं विधायक राजेंद्र गुर्जर ने मौके पर आवास के पट्टे एवं जॉब कार्ड वितरित किए।

इस अवसर पर भाजपा संगठन जयपुर शहर सह प्रभारी नरेश बंसल, भाजपा मंडल महावीर पालीवाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नेमीचंद योगी, प्रशासक श्रीमती सरिता मीना उपस्थित रहे।

## विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो शो मन की बात के 127वें एपिसोड के तहत रविवार को देशवासियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और लोगों से इस उत्सव में शामिल होने की अपील की। देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने भी टोंक में अपने कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में जीएसटी बचत उत्सव,रन फॉर यूनिटी,सरदार पटेल की 150 वीं जयंती जैसे विषयों पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार दीपावली के त्यौहार पर बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की जमकर खरीददारी हुई हैं। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सचमुच हर भारतीय को गर्व से ऊंचा भर दिया है। इस साल उन इलाकों में खुशियों के दीप जलाए गए जहां कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। उन्होंने देशवासियों से आव्हान किया कि 7 नवंबर को 'वंदे मातरम्' के 150 वें वर्ष को यादगार बनाएं। इस दौरान विधायक गुर्जर ने कहा कि वंदे मातरम् गीत भारत की आजादी की भावना का एक अहम प्रतीक रहा हैं। यह हर भारतीय के दिल में भावनाओं और गर्व का संचार करता हैं। इस मौके पर मीडिया प्रभारी मेघराज जाट,देवलाल प्रधान,कृष्ण कुमार झुण्डवा,जीतराम गुर्जर,घांसीलाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## चित्रकार महेश गुर्जर राष्ट्रीय गुर्जर गौरव सम्मान से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।**



राष्ट्रीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन जगदीश धाम कैमरी में जगदीशधाम देववाणी गुर्जर पत्रिका में किया गया। इस अवसर पर टोंक जिले के चित्रकार महेश गुर्जर को कला क्षैत्र में किये गये कार्य को लेकर राष्ट्रीय गुर्जर गौरव सम्मान से सम्मानित किया है ।

यह सम्मान रूस में उनके द्वारा लगाई गई भगवान देवनारायण की पेन्टिग प्रर्दशन के लिए प्रदान किया गया।

इस मौके पर महेश गुर्जर ने बच्चों के लिए अनिवार्य कला शिक्षा चित्रकला व संगीत विषय एवं उसके संघर्ष से सम्बन्धित जानकारी भी उपस्थित सभी विद्वानों को दी।

### राजस्थान में घटेगी उपखंड मुख्यालयों की संख्या

# तहसील व उपखंडों के पुनर्गठन की प्रक्रिया जारी; जल्द तस्वीर होगी साफ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान में जिलों के पुनर्गठन के बाद उपखंड और तहसील मुख्यालयों के पुनर्गठन का काम चल रहा है। यह काम इस माह के दूसरे सप्ताह तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक यह काम पूरा नहीं हो सका है।

माना जा रहा है कि पुनर्गठन के इस काम में अभी दो से तीन माह का समय और लग सकता है। इसके बाद ही राजस्थान के नए उपखंड और तहसील मुख्यालयों की तस्वीर साफ हो सकेगी। माना जा रहा है कि समिति दो या तीन तहसीलों पर एक उपखंड मुख्यालय की सिफारिश कर सकती है। ऐसा होता है तो उपखंड मुख्यालयों की संख्या में कमी भी आ सकती है।

### अप्रेल में बनी थी समिति

राज्य सरकार ने प्रशासनिक राजस्व इकाइयों के गठन एवं इनकी समीक्षा, सीमाओं और क्षेत्राधिकार में परिवर्तन संबंधी अनुशंसा करने के लिए इस साल अप्रेल में राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति का गठन किया गया था।

सेवानिवृत्त आइएएस ललित के पंवार को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। राजस्व सचिव, राजस्व मंडल के निबंधक को सदस्य और सेवानिवृत्त आरएएस राजनारायण शर्मा को समिति का सचिव बनाया गया था।

### राज्य में वर्तमान में 426 तहसील, 323 उपखंड


राजस्थान में वर्तमान में कुल 41 जिले हैं और इन जिलों में 426 तहसीलें तथा 232 उप-तहसीलें हैं। सबसे अधिक तहसील उदयपुर जिले में हैं, जिनकी संख्या 17 है। प्रदेश में उपखंड मुख्यालयों की कुल संख्या करीब 323 है, जिनमें जयपुर जिले में सबसे अधिक कार्यालय हैं, वहीं जैसलमेर में सबसे कम हैं।

### अभी तक 29 जिलों में लिया फीडबैक

राज्य में 41 जिलों के बाद से तहसील और उपखंड मुख्यालयों के पुनर्गठन की मांग को देखते हुए ही समिति का गठन किया गया था। अभी तक समिति 29 जिलों में जाकर ही अध्ययन कर पाई है। अभी 12 अन्य जिलों में जाकर काम करना है। ऐसे में माना जा रहा है कि समिति को दो से तीन माह का समय और लग सकता है। सभी जिलों का दौरा करने के बाद समिति रिपोर्ट तैयार कर राजस्व विभाग को सौंपेगी।

## शब्दों की ऊर्जा मनुष्य को झकझोरती है-डॉ. सूरज सिंह नेगी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** भारतीय साहित्य परिषद की टोंक इकाई के तत्वाधान में जिला परिषद सभागार भवन में केदार शर्मा की दो पुस्तकें कहानी ''संग्रह वह अधूरी कहानी एवं व्यंग्य संग्रह ''हर कहीं फैलता रायता का विमोचन एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं मुख्य अतिथि डॉ. सूरज सिंह नेगी, अजीजुल्लाह शिरानी, पत्रकार विनोद शर्मा, राजकीय महाविद्यालय के हिंदी विभागध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा, अशोक सक्सेना एवं साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. नरेश वर्मा ने पुस्तकों का विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सूरज सिंह नेगी ने कहा कि शब्द कभी मौन नहीं होते। शब्दों की ऊर्जा मनुष्य को झकझोरती है।

उन्होंने कहा कि केदार शर्मा लंबे समय से साहित्य लेखन कर रहे हैं तथा व्यंग्य लेखन में उनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर के अखबारों में बनी है। इनके व्यंग्य की धार तेज है। कभी रुलाती है और कभी विसंगतियों पर हंसने के लिए विवश कर देती है। उन्होंने कहा कि केदार शर्मा की कहानियां आदर्शोन्मुखी हैं। वहीं उर्दू-हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार अजीजुल्लाह शिरानी ने केदार शर्मा की सभी कहानियों की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें उन्होंने बताया कि कहानी, कहानी होती है, जो कभी खत्म नहीं होती एवं समाज का प्रतिबिंब लिए होती है। केदार शर्मा कहानियों के माध्यम से रचनात्मक अनुभव बांटते आ रहें हैं। शिरानी ने संग्रह की सभी 13 कहानियों की संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत कर कर कार्यक्रम के श्रोताओं को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अधिकतर कहानियों का अंत सकारात्मक है तथा अधिकतर कहानियां नारी प्रधान है। विनोद शर्मा ने बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में टोंक के संदर्भ में अपने समय के साहित्य लेखन और अनुभवों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केदार शर्मा तथा अनेक स्थानीय साहित्यकारों ने उस समय स्थानीय अखबारों में लेखन कर साहित्य को समृद्ध किया था। डॉ. प्रमोद शर्मा ने व्यंग्य संग्रह पर अपने संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत की। पत्रकार अशोक सक्सेना ने भी इस अवसर पर अपने विचार कहानियों के सुखातं और दुखांत पक्ष पर चर्चा कर कहानी के यथार्थ पक्ष को परिमार्जन करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर नरेश वर्मा ने कहा कि केदार शर्मा की कहानियों में यथार्थए सामाजिकता एवं आंचलिकता का भाव समावेशित है।

उन्होंने मुंशी प्रेमचंद की प्रारंभिक कहानी ईदगाह और अंतिम कहानी कफन का तुलनात्मक विवेचन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कवयित्री एवं गजलकार ममता मंजुला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्रजराज स्नेही, साहित्य परिषद टोंक इकाई के संरक्षक रमेश चौधरी, मनोज तिवारी, हीरालाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, हनुमान बादाम, शिमला शर्मा एवं दयाशंकर आदि मौजूद थे।

## पराना से सिरस तक का सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त,ग्रामीणों में भारी आक्रोश

### वाहन चालकों को आवागमन में हो रहा है दुर्घटना का अंदेशा



बढ़ता राजस्थान

**सिरस (नि.स.)।** गांव पराना से सिरस सडक़ मार्ग क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को आवागमन में दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। पूर्व उपसरपंच कैलाश प्रजापत, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष श्यामलाल योगी, राकेश योगी, शिवजीलाल जाट, बजरंगलाल प्रजापत व शिवचरण योगी सहित कई लोगों ने बताया कि पराना से सिरस तक सडक़ क्षतिग्रस्त होने के साथ ही जगह-जगह सडक़ उखडऩे से गहरे गड्ढे हो गए। जिससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। सडक़ मरम्मत को लेकर पराना राजीव गांधी सेवा केंद्र पर ग्रामीणों ने करीब चार माह पहले धरने पर बैठकर सडक़ सुधरवाने की मांग की थी। प्रशासन ने मौके पर समस्या का अवलोकन कर सडक़ को सुधरवाने का आश्वासन दिया था। चार महीने बाद भी सडक़ की हालत जैसी की जैसी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि वजीराबाद से सिरस तक भी सडक़ कई जगह से टूटी हुई है। सडक़ पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से आवागमन बाधित हो रहा है।

## मन की बात कार्यक्रम सुनकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया आत्मनिर्भर भारत संकल्प का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने जन-संवाद केंद्र टोंक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात के 127 वे कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत घर-घर जाकर स्टीकर लगाए।प्रधानमंत्री मोदी ने देश-विदेश के लोगों के साथ पीएम मोदी ने अपने विचार साझा किए।पीएम मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में भारी उछाल है। त्योहारों की रौनक पहले से ज्यादा रौनक देखी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने मैंग्रोव के महत्व को बताया।मन की बात कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा,छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं, जहां प्लास्टिक कचरे के बदले आपको भरपेट खाना मिलता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। ये दृश्य भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है।यह त्योहार संस्कृति, प्रकृति और समाज की गहरी एकता को दर्शाता है।उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कोरापुट कॉफी का स्वाद काफी गजब होता है।इतना ही नहीं स्वाद के साथ-साथ कॉफी की खेती भी लोगों को खूब फायदा पहुंचा रही है।कोरापुट में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपने पैशन की वजह से कॉफी की खेती कर रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा,भारत का राष्ट्रगीत वंदे मातरम है। एक ऐसा गीत जिसका पहला ही शब्द हमारे हृदय में भावनाओं का सैलाब जगा देता है।पीएम मोदी ने कहा,वेदों ने भारतीय सभ्यता की नींव इस भावना के साथ रखी कि पृथ्वी माता है और मैं उसकी संतान हूं।इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा,जिला मंत्री बीना छामुनिया,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग से किसान का चारा व सामान जलकर राख

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)।** तहसील के सतवाडा गांव में किसान रामफूल पुत्र दुर्गा लाल के कुएं पर लगी मोटर में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी से लगी आग से लाखों का सामान ओर चारा राख हो गया यह घटना करीब रात को लगभग 1.30 की है। आग ने देखते ही देखते रौद्र रूप धारण कर लिया। किसान राम फूल ने बताया कि वह और उसका परिवार घर पर सो रहा था आपकी लपटे देखकर ग्रामीण मौके पर दौड़कर आए और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की गंभीर स्थिति को देखते हुए काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और लगभग 2 घंटे के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में बैडमिंटन हॉल खेल स्टेडियम टोंक में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष-महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## पेट्रोल पंप सेल्समैन के साथ मारपीट कर रुपए लूटकर ले जाने की कोशिश

### मामला दर्ज, वार्ताधिकारी उनियारा करेंगे मामले की जांच



बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)।** पुलिस थाना नगरफोर्ट में राजमार्ग 34 नगरफोर्ट- टोंक सड़क पर स्थित पेट्रोल पंप सेल्समैनों के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मारपीट कर जबरन पैसे छीनने कोशिश करने का मामला पीड़ितों ने पेट्रोल पंप मालिक की उपस्थिति में चार व्यक्तियों के खिलाफ नामजद दर्ज करवाया गया है।

पुलिस थाना नगरफोर्ट के थाना अधिकारी मिठूलाल ने बताया है कि शुक्रवार को सुरेन्द्र पुत्र चांदीलाल जाति बलाई निवासी गुराई थाना नगरफोर्ट ने पेट्रोल पंप मालिक लालचंद के साथ पुलिस थाना नगरफोर्ट में रिपोर्ट पेश कर बताया है कि नगरफोर्ट टोंक रोड पर स्थित श्री पार्श्वनाथ पेट्रोल पम्प पर कार्य करता हूं। गुरुवार को समय लगभग 9.15 बजे पम्प पर कार्य कर रहा था तभी एक बोलेरो आई जिसमें से हाल निवासी नगरफोर्ट व उदयपुरिया आये जिनकी को मैं पहले से ही जानता था और उक्त दोनो लोग भी मुझे जानते थें, उन्होने शराब पी रखा था मुझसे बोलेरो में डिजल डालने को कहा तो मैने पैसे मांगे तो वह गाली गलोच करते हुये मारपीट पर आमादा हो गये।

उन्होंने फोन कर एक मोटरसाईकिल पर निवासी कोटडा थाना घाड और एक् अन्य व्यक्ति को बुला लिया जिन्होंने मुझे जबरन शराब के पैसे और गाडी बोलेरो में डिजल डालने को कहा और मुझसे जातिसुचक शब्द चमार, रेगर जैसे शब्दों का प्रयोग किया और मेरे साथ लात घुसो से बेरहमी से मारपीट की। बीच बचाव में आये मेरे साथी सेल्समेन महावीर पुत्र लादूराम जानि जाट निवासी गुराई के भी लातो घुसो थप्पड़ों से मारपीट की और वह हमें बिंचकर अंधेरे में ले गये और हमारे पास से पैसे छिनने का प्रयास किया वहां मोजूद लोगो ने बीच बचाव कर उक्त लोगो से हमे बचाया।

उक्त घटना पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी दर्ज हुई है। थानाधिकारी ने पेट्रोल पंप के सेल्समैनों की तरफ से पेट्रोल मलिक लालचंद पुत्र सूरजमल जैन की उपस्थिति में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उनियारा वार्ताधिकारी देवेंद्र कुमार करेंगे।

### पीएम-कुसुम योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम

# राजस्थान के सौर ऊर्जा का सिरमौर बनने में सवाई माधोपुर बना सहभागी

## कोलाड़ा एवं रामसिंहपुरा में 2.94 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का सिरमौर राज्य बन चुका है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन ने नई ऊँचाइयाँ छू ली हैं, जिसमें सवाई माधोपुर जिला भी इस राष्ट्रीय ऊर्जा क्रांति का सशक्त सहभागी है।

जिले के बौंली उपखण्ड स्थित कोलाड़ा 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्र में हाल ही में 1.82 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। यह राज्य का 956वां सौर संयंत्र है, जिससे सवाई माधोपुर जिले की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राजस्थान ने पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए एवं कंपोनेंट-सी के अन्तर्गत अब तक 2,000 मेगावाट क्षमता से अधिक के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर देश में एक नई मिसाल कायम की है। योजना के कंपोनेंट-ए में राजस्थान देश में प्रथम स्थान तथा कंपोनेंट-सी में महाराष्ट्र एवं गुजरात के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

इसी क्रम में, सवाई माधोपुर सर्किल के रामसिंहपुरा 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्र में 1.12 मेगावाट क्षमता का विकेन्द्रित सौर संयंत्र भी प्रारंभ किया गया है, कोलाड़ा एवं रामसिंहपुरा में 2.94 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से लगभग 250 से अधिक कृषक परिवारों को सिंचाई के लिए दिन के समय सौर ऊर्जा आधारित बिजली उपलब्ध होगी।

सवाई माधोपुर जिले में पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट ए एवं सी दोनों घटकों में सराहनीय प्रगति हो रही है। सभी संयंत्रों की स्थापना उपरांत किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध हो सकेगी एवं कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। वर्तमान में सवाई माधोपुर जिले में कुसुम योजना कंपोनेंट-ए के तहत अब तक कुल 3 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र चालू हैं, जबकि अतिरिक्त 3.67 मेगावाट क्षमता के संयंत्रों पर कार्य प्रगति पर है। जिले के सारसोप में 1.42 मेगावाट एवं कोलाड़ा में 2.25 मेगावाट उत्पादन क्षमता के संयंत्रों का स्थापना कार्य अंतिम चरण में है।

दीपावली से पूर्व बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए चलाया विशेष अभियान के दौरान 1 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मात्र 20 दिन में सवाई माधोपुर में 501 घरेलू कनेक्शन जारी किए गए।

### इनका कहना है...

राजस्थान और सवाई माधोपुर जैसे जिले इस राष्ट्रीय उपलब्धि में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। जिले के कोलाड़ा, रामसिंहपुरा, बोली, मित्रपुरा और बोरखेड़ा जैसे क्षेत्रों में स्थापित विकेन्द्रित सौर संयंत्र न केवल किसानों को दिन में बिजली दे रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और ग्रामीण समृद्धि की नई कहानी लिख रहे है!

**सुरेन्द्र कुमार मीणा**
सहायक जनसम्पर्क अधिकारी
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सवाई माधोपुर

# पांच करोड़ में केवल पेचवर्क और वह आधे-अधूरे

◆राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन गए मंडार-रेवदर मार्ग बदहाल ◆सालभर बाद भी नहीं हो पाई सत्तर किमी मार्ग की मरम्मत

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** रेवदर-मंडार राज्यमार्ग अब राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन है। इसकी टूट-फूट दुरुस्त करने के लिए सालभर पहले पांच करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे, लेकिन अभी तक न तो मरम्मत हो पाई और न वाहन चालकों को राहत मिली। महज सत्तर किमी दूरी के इस मार्ग की मरम्मत को पांच करोड़ रुपए का बजट मिला, लेकिन अभी तक पेचवर्क ही हो पाया है और वह भी आधा-अधूरा। यहां तक कि बदहाल पड़े इस मार्ग की दुरुस्ती तो दूर अधिकारी इस मामले में बात करने से भी कतरा रहे हैं। आखिर ऐसा क्यों है यह कहना मुश्किल है।

### मरम्मत नहीं हुई इसलिए प्रदर्शन किया

सालभर पहले इसे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अधीन दिया गया था। इसके बाद इस पर मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत किया गया। लेकिन, सालभर बाद भी मरम्मत के लिए आया बजट कहीं उपयोग होता नहीं दिख रहा। लिहाजा रेवदर व मंडार कस्बों में लोग प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

### जान-माल का नुकसान झेलने की मजबूरी

सिरोही से लेकर अनादरा-रेवदर व मंडार तक का यह पूरा मार्ग आज भी बदहाल ही है। गड्ढे तो गड्ढे कई




जगह सडक़ पर डामर की लेयर भी साइड में आ चुकी है। सडक़ के किनारे उभरे होने से वाहनों को नीचे उतारने व ऊपर चढ़ाने के दौरान ही हादसों का शिकार होना पड़ रहा है।

एनएच के अधीन जाने के बाद भी यदि सडक़ पर चल रहे वाहन चालक हादसों में जान-माल का नुकसान झेल रहे हैं तो इसे बिड़म्बना ही कहा जाएगा।

### करोड़ों की राशि और कोई हलचल नहीं

केंद्रीय परिवहन और हाईवे मंत्रालय ने सडक़ सुधार और डीपीआर तैयार करने के लिए कुल 5.87 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। इसमें से 1.91 करोड़ रुपए डीपीआर निर्माण व 4.96 करोड़ रुपए सडक़ मरम्मत के लिए आवंटित किए गए। डीपीआर इस सडक़ को फोरलेन में तब्दील करने के लिए बनाई जानी है, लेकिन सालभर बाद भी कोई हलचल नहीं दिख रही।

### बात करने से क्यों कतरा रहे हैं अधिकारी

इस सम्बंध में एनएच पाली खंड के अधिकारी राहुलसिंह से बातचीत करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं, एईएन सलोनी पारीक ने फोन रिसीव तो किया, लेकिन परिचय पूछने के बाद केवल एक लाइन में जवाब देकर तत्काल ही फोन काट दिया। इसके बाद उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया। आखिर यह बात समझ से परे है कि मरम्मत के मुद्दे पर अधिकारी बात करने से क्यों कतरा रहे हैं।

### आखिर सालभर कहां अटका रहा बजट

एनएच की सहायक अभियंता सलोनी पारीक ने बताया कि रेवदर व मंडार में पेचवर्क करवाए हैं। दीपावली से प्लांट बंद होने के कारण काम रूक गया है। इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया। मरम्मत के लिए आए सालभर पहले आया बजट अभी तक कहां अटका रहा और महज रेवदर व मंडार में ही पेचवर्क क्यों हुआ या पूरी सड़क की मरम्मत कब तक हो जाएगी जैसे सवालों का शायद उनके पास कोई जवाब नहीं था।

## लाभ पंचमी पर भगवान जय सिंह श्याम का श्रृंगार:केसरिया पोशाक और मोतियों से किया गया नए व्यवसाय शुरू करने के लिए माना जाता है शुभ दिन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आमेट उपखंड मुख्यालय स्थित भगवान जय सिंह श्याम मंदिर में रविवार को लाभ पंचमी के अवसर पर भव्य



धार्मिक अनुष्ठान और विशेष श्रृंगार आयोजित किया गया। दीपावली के पांचवें दिन मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने जयकारों के साथ भगवान श्याम के दर्शन कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर में इस अवसर पर भगवान को केसरिया छटा वाली सुनहरी किनारे की पोशाक धारण कराई गई। मोती, माणिक्य और रत्नों से अलंकृत आकर्षक श्रृंगार कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा मंदिर पुष्पों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया, वहीं भजन मंडलियों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।मंदिर के पुजारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि लाभ पंचमी, जिसे सौभाग्य पंचमी या ज्ञान पंचमी के नाम से भी जाना जाता है, कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। यह पर्व दीपावली उत्सव का समापन माना जाता है और नए कार्य, व्यापार या खातों की शुरुआत के लिए अत्यंत शुभ होता है। इस दिन व्यापारी समुदाय मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं।

शर्मा ने बताया कि जैन धर्मावलंबी इस दिन अपने ग्रंथों की पूजा कर ज्ञान की आराधना करते हैं। वहीं शाम के समय मंदिर परिसर में दीपदान, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख व्यापारी, श्रद्धालु महिलाएं और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि लाभ पंचमी के आयोजन को लेकर विशेष सजावट और भोग की व्यवस्था की गई थी। भक्तों को प्रसादी के रूप में मेवे, मिठाई और पंचामृत वितरित किया गया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति गीतों और आरती में शामिल होते रहे।

## गांव के होनहार पर गर्व :भारतीय डाक विभाग में इंस्पेक्टर बने मनीष मीणा का साफा पहनाकर हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** गांव के होनहार युवा मनीष कुमार मीणा पुत्र हरिराम मीणा के भारतीय डाक विभाग में इंस्पेक्टर पद पर चयन होने पर रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पानी, पेड़, प्रकृति बचाओ अभियान के संयोजक एवं जल प्रहरी नंगे पैर यात्री दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मनीष मीणा का पारंपरिक राजस्थानी साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत-सत्कार किया गया। ज्ञात रहे कि मनीष मीणा, पूर्व वार्ड पंच महादेव मीणा के पोते तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता हरिराम मीणा के सुपुत्र हैं। बचपन से ही मेधावी एवं प्रतिभावान छात्र रहे मनीष ने अपनी लगन, मेहनत और संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी मनीष मीणा की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि वे भी मेहनत और समर्पण से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक भगीरथ मीणा, प्रधानाचार्य नाहरमल मीणा, दिल्ली पुलिस सिपाही रामचंद्र मीणा, बंशीधर मीणा, गुलाबबाड़ी प्रधानाध्यापक भगीरथ मल मीणा, महादेव मीणा, महताब सिंह शेखावत, वरिष्ठ अध्यापक रोहितास मीणा, अनिल कुमार मीणा, कैलाश चंद्र मीणा बिदारा, कमलेश कुमार जाट, रोहतास मीणा, कैलाश मीणा, गोपाल मीणा, फूलचंद मीणा सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## पुलिस थाना मोर की बड़ी कार्यवाही,48 घंटे में मोबाइल टावर चोरी का खुलासा, अन्तर्राजीत गैंग का पर्दाफाश



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह /टोंक (उमाशंकर शर्मा)।** पुलिस थाना मोर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 48 घंटे में मोबाइल टावर से हुई चोरी का खुलासा कर अन्तर्राजीय चोर गैंग का पर्दाफाश किया है।

25 अक्टूबर 2025 को प्रार्थी मोजीराम पुत्र मोरपाल मीना निवासी मोहम्मदनगर, थाना उनियारा (हाल सुपरवाइजर, आरएस सिक्योरिटी, इंडस मोबाइल कम्पनी टोंक) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कस्बा मोर के मोबाइल टावर से रात्रि के समय अज्ञात चोरों द्वारा आर.आर.यू. चोरी कर ली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल व वृताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत के सुपरविजन में, थाना प्रभारी मोर स.उ.नि. राकेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। तकनीकी विश्लेषण व आसूचना संकलन के बाद पुलिस ने 48 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा चोरी गया आर.आर.यू., उससे संबंधित उपकरण, रस्सा, टूल्स एवं वारदात में प्रयुक्त क्रेटा कार को जप्त किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने पूर्व में जिला कोटा, अकलेरा (झालावाड़) एवं सीहोर (मध्यप्रदेश) में भी इसी प्रकार की वारदातें की हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ जारी है।

## धुनः दी रिदम ऑफ़ लाइफ के संगीत मय दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम- जश्न - ए - चराग़ा से रोशन हुई शाम

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं,(नि.स.)।** दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम के अवसर पर शनिवार शाम 7 बजे धुनः दी रिदम ऑफ लाइफ संस्था द्वारा, जश्न - ए - चराग़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह सोलंकी सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू, राकेश कुमार शर्मा खण्ड विकास अधिकारी, विश्व विख्यात क़व्वाल दिलावर बाबू, समाज सेवी इदरीश क़ुरैशी व संस्था के अध्यक्ष मनोहर लाल धूपिया, सचिव संपत लाल बारूपाल, कोषाध्यक्ष बरकत अली गहलोत,संरक्षक मोहम्मद इब्राहिम खान मय सदस्यगण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सिग्नेचर सॉंग ऐ मालिक तेरे बंदे हम से हुआ। इसके बाद एक से बढक़र एक गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में श्याम सुंदर पाटोदिया ने बंसी वाले को तुम याद करलो, हबीबुर्रहमान खान ने नज़ा



कहीं अब ना जा, मोहम्मद इस्माईल खान ने ख़ामोशियां, रवि खाजपुरिया ने तेरे चेहरे से नज़र नहीं हटती, प्रियंका लाम्बा ने दो दिल मिल रहें हैं मगर चुपके चुपके, कुसुम चाहर ने आज फिर जीने की तमन्ना है, प्रियदर्शनी लाम्बा ने लग जा गले, हनान खान ने फूलों के रंग से, प्रवीण टाक ने तेरे प्यार की तमन्ना, प्रेम बिहारी माथुर ने दिल हे के मानता नहीं, पूनम शर्मा ने ये समां समां है ये प्यार का, नीलम मुकेश वर्मा ने स्वरचित गज़ल हो न पाया ठीक से दस्तूर भी दीदार का, रविन्द्र शेखावत ने बेकऱार करके हमें यूं ना जाइये, फय्याज अली भाटी ने लाई वी न गई ते निभाई वी न गई, मोहम्मद उस्मान खान ने ओ सनम मोहब्बत की कसम, मनोहर लाल धूपिया ने पल भर के लिए कोई हमें प्यार करले, नबिहा खान व हबीबुर्रहमान खान ने युगल गीत ओ हसीना ज़ुल्फ़ों वाली जान ए जहां, राजबाला ढाका ने ओ कान्हा अब तो मुरली की मधुर सुना दो तान, रईस कुरैशी ने जादू भरी आंखों वाली सुनों, सनवर कुरैशी ने तुमसे मिलने की तमन्ना है प्यार का इरादा है, ज़ाकिर सिद्दीकी ने सुहानी चांदनी रातें हमें सोने नहीं देती, मोहम्मद इब्राहिम खान ने मैं शायर तो नहीं।

कार्यक्रम में धुन संस्था के सदस्य ज़ाकिर खत्री, भवानी सिंह कर्णावत, विकास शर्मा, ए रहमान, मोहम्मद आरिफ खान, आवेश अली क़ुरैशी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बाँध दिया। कार्यक्रम के अंत में धुन दी रिदम ऑफ लाइफ के अध्यक्ष मनोहर लाल धूपिया के द्वारा सभी मेहमानों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण के फरार आरोपित को प्रागपुरा पुलिस ने दबोचा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** प्रागपुरा पुलिस को वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में फरार चल रहे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज, जयपुर द्वारा 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इस अभियान के तहत वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं स्थानीय व विशेष अधिनियमों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए थे। इसी क्रम में एएसपी वैभव शर्मा एवं डीएसपी शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

गौरतलब है कि 14 सितंबर 2025 को एक परिवादी ने थाना प्रागपुरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी पुत्री का अपहरण कर अभियुक्त मालीराम (24) पुत्र भैरूराम गुर्जर निवासी रावतो की ढाणी टोरडा ब्राह्मणान तथा मनीष (22) पुत्र धुणाराम गुर्जर निवासी ढाणी चोलावा रूपपुरा ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस संबंध में प्रकरण संख्या 393/2025 भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 70(1), 351(2), बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर वृत्ताधिकारी विराटनगर शिप्रा राजावत द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अभियान को सफलता की ओर अग्रसर करते हुए गठित टीम ने अथक प्रयासों के बाद दोनों फरार आरोपितों को दबोच लिया। थानाधिकारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में की गई इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने प्रशंसा की है।

उन्होंने कहा कि प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन करते हुए पुलिस टीम को सफलता की राह पर अग्रसर किया है। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने जिस तत्परता और संकल्प के साथ काम किया, वह न केवल विभाग के लिए गर्व का विषय है बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को भी और मजबूत करता है।

विश्नोई ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन का लक्ष्य कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और आमजन को न्याय दिलाना है।

## दीपों की रोशनी और कविताओं की सुरभि में नहाया गुलमोहर स्कूल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद पावटा इकाई की ओर से दीपावली स्नेह मिलन एवं काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** स्थानीय कस्बे की गुलमोहर स्कूल में रविवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद पावटा इकाई के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन एवं काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन हुआ।

दीपों की आलोकित छटा और कविताओं की मधुर सुरभि से सजे इस आयोजन में क्षेत्रभर के कवियों, साहित्यकारों और पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम में नीमराना इकाई के प्रमुख साहित्यकार धर्मपाल 'धर्म' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पावटा इकाई के पूर्व अध्यक्ष महावीर शर्मा 'सरस' ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ओमप्रकाश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत कवि उमेशचंद्र 'चंदर' द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने पूरे वातावरण को साहित्यिक ऊष्मा से भर दिया।

काव्य गोष्ठी का शुभारंभ नवोदित कवि कन्हैयालाल सैनी की भावपूर्ण कविता से हुआ, जिसने श्रोताओं का मन मोह लिया। इसके पश्चात क्रमशः वरिष्ठ कवि गुरुदयाल भारती, उमेशचंद्र 'चंदर', शंभुदयाल गढ़वाल, कंचन वर्मा, भगवान सहाय वर्मा, राधेश्याम गंधर्व, महेश शर्मा, गिरधारी सिंह 'गिरधर', नवनीत गौड़, वैद्य ओमप्रकाश पारीक, लक्ष्मीनारायण शर्मा, नरेश जांगिड़ 'जिज्ञासु', नरेश बंसल, शिवम शर्मा 'विशेष', श्यामसिंह शेखावत, सूर्यकांत मीणा कार्यक्रम का संचालन अपनी प्रभावशाली वाणी से कवि नरेश जांगिड़ 'जिज्ञासु' ने किया।

## खंडेलवाल समाज के स्नेह मिलन समारोह में झलका सामाजिक एकता

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** खंडेलवाल सेवा संघ सिरोही के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन समिति के अनुसार इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल प्रतियोगिताओं से उत्साह बना रहा।

इस अवसर पर बच्चों, युवाओं व महिलाओं ने नृत्य, गीत व खेलों की प्रस्तुति देकर आनंदित किया। सामाजिक संस्कृति को सुदृढ़ करने के भावों से आयोजित एकता के पर्व पर सेवा संघ की ओर से आयोजन के सहयोगियों का पारंपरिक तरीके से अभिनंदन किया गया।

ब्रह्मशक्ति राष्ट्रीय अधिवेशन एवं नवदृष्टि सम्मेलन 9 नवंबर को

# राजसमंद में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक, 9 को अधिवेशन में होगी नई कार्यकारिणी घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक रविवार को संस्थान के प्रधान कार्यालय राजसमंद में राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संस्थापक सदस्य, राष्ट्रीय पदाधिकारी तथा विभिन्न प्रदेश अध्यक्षों ने भाग लिया।बैठक में वर्षभर में आयोजित किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संस्थान का ब्रह्मशक्ति राष्ट्रीय अधिवेशन एवं




नवदृष्टि सम्मेलन आगामी 9 नवंबर को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन के दौरान बजट प्रतिवेदन, पिछले तीन वर्षों में किए गए सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा, तथा नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पुरोहित ने कहा कि, विगत 16 वर्षों में संगठन ने समाजहित में अनेक सार्थक कार्य किए हैं। संगठन के प्रयासों से युवाओं में सामाजिक सजगता और नवाचार की भावना विकसित हुई है।

आगामी अधिवेशन की तैयारियों के लिए संयोजक मंडल की घोषणा भी की गई। इसमें विनोद आमेट, सत्यनारायण केलवा, सुनील मुंडोल, रंजीत पर्वतखेड़ी, लव जावद, दीपक बागोल, प्रतीक नाथद्वारा तथा विनोद (बज्जू) जावद को संयोजक नियुक्त किया गया।बैठक में सभी पदाधिकारियों ने आगामी अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## माईनिंग दिवस के उपलक्ष में निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** माईनिंग इंजिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा प्रतिवर्ष 1 नवम्बर को पूरे देश में आयोजित किये जाने वाले इण्डियन माईनिंग दिवस पर इस वर्ष की थीम हरित कल के लिए आज का खनन (माईनिंग टुडे फॉर ए ग्रीनर टुमारो) रखी गयी है। सचिव आसिफ एम. अंसारी ने बताया कि इसी श्रृंखला में आज उपरोक्त विषय पर एक निंबध प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमे इस क्षेत्र के विभिन्न खनन इंजीनियरीग कॉलेज सीटीएई, सिघांनिया युर्निवसिटी, पेसिफिक कॉलेज एवं भू विज्ञान विभाग, एमएलएसयू के 21 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को इण्डियन माईनिंग दिवस 1 नवम्बर को पुरूस्कृत किया जायेगा।

## भजनों की मधुर धुनों संग गूंजा माहेश्वरी भवन, श्रीनाथजी के अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा व उत्साह का सागर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर माहेश्वरी पंचायत बोर्ड की ओर से रविवार को अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के रंग में मनाया गया।



पाली बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें के. सुदामा एंड पार्टी के भागचंद चौहान सहित कलाकारों ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति दी। कैसे गोवर्धन उठायो जी ओ सांवरा..., राधिका गौरी से ब्रज की छोरी से..., श्याम प्यारा लागो... जैसे भजनों ने समूचे पंडाल में भक्ति का माहौल बना दिया। भावविभोर भक्तों ने भजनों की लय पर जमकर नृत्य किया कार्यक्रम में पंचायत बोर्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर नृत्य करने वालों का स्वागत किया। इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी की आकर्षक झांकी सजाई गई। समाज के भामाशाहों एवं क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया अंत में भगवान श्रीनाथजी को अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाकर महाआरती उतारी गई, जिसके बाद उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ पाया।

## काजी वेलफेयर सोसायटी का रक्तदान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सांगानेर रोड़ स्थित दाई हलीमा हॉस्पिटल में आज रविवार को भीलवाड़ा क़ाज़ी वेलफेयर सोसाइटी की ओर से पहला ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। सोसायटी के प्रवक्ता मोहम्मद



नदीम क़ाज़ी ने बताया कि इस कैंप में समाज के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया तथा समाज के प्रथम प्रयास में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं का सम्मान कर उन्हें ऑनेस्ट ब्लड सोसाइटी की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी के अध्यक्ष ने रक्तदान के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानवता के मार्ग पर चलने वाला सबसे बड़ा पुनीत कार्य है जिसके माध्यम से हम किसी को जीवन दान दे सकते हैं । कार्यक्रम का संचालन सोसायटी के अध्यक्ष कलीम क़ाज़ी ने किया, इस अवसर पर सरपरस्त मोहम्मद युसुफ़ क़ाज़ी, सेक्रेटरी नजमुद्दीन क़ाज़ी, नायब सेकरेटरी मोहम्मद मुस्तकीम क़ाज़ी, खजांची तुफैल अहमद काजी मुन्ना क़ाज़ी, इफ्तिखार अली क़ाज़ी, जावेद क़ाज़ी, अमीनुद्दीन क़ाज़ी, शाकिर अख्तर क़ाज़ी, सुहैल अहमद क़ाज़ी, मुमताजुद्दीन क़ाज़ी, अमानुद्दीन क़ाज़ी सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया ।

## डोली राम मां यादें प्रजापति समाज समिति डीग ग्रामीण के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** मां यादे प्रजापति समाज सेवा समिति जिला डीग की आम सभा की बैठक राजपूताना मैरिज होम में सभाध्यक्ष सुखराम कीअध्यक्षता हुई जिसमें सर्व सम्मति से डोली राम प्रजापति को डीग ग्रामीण अध्यक्ष ,



किशन सिंह बदनगढ को महामंत्री और राजू पान्होरी को उपाध्यक्ष चुना गया । बैठक में 19 फरवरी 2026 को प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओ के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। महामन्त्री मुन्ना लाल प्रजापति ने बताया वधुपक्ष का रजिस्ट्रेशन शुल्क 11000 रु वर पक्ष का 21000 रु रहेगा। जबकि विधवा माताओं के बच्चे निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। जिनको मोटर साइकिल चाहिए उनका रजिस्ट्रेशन वधु पक्ष 41000 रु वर पक्ष का 61000 रु रखा गया है। विवाह स्थल सीकरी रखा गया है । जिलाध्यक्ष अतर सिंह ने बताया . सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रत्येक जोडे के लिए बड़ा बक्सा डीग ग्रामीण , गोदरेज अलमारी डीग शहर , फ्रिज जुरहरा तहसील ' श्रंगारदानी श्रीचन्द भरतपुर , गर्म कम्बल जगदीश हवलदार ककडा , वर वधू दोनो के लिए हाथ घडी गोपाल रेडियो नगर, वधू की लहंगा चुन्नी जीवाराम प्रजापति सेऊ ,गर्म शाल और फेरों की चादर मोहन सिंह बैलारा के जिम्मे रहेगी।जबकि भोजन की व्यवस्था सीकरी तहसील शाखा संभालेगी । बैठक में चन्द्रभान, भोबल ,कमल, अशोक ,अनिल, राजेन्द्र , सियाराम भानू भगत, सुरेश चन्द्र , तुलसीराम हुकम सिह कृष्ण मुरारी राजबीर अमरसिह पटवारी भोजीराम नानगाराम योगेश कुमार श्री चन्द बदनसिह विजयपाल चन्द्रशेखर गुरीरा मुकेश मोनू सहित अन्य लोग मोजूद थे।

## श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा भव्य छप्पन भोग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा टंकी के बालाजी मंदिर में भव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया। समिति संरक्षक शांतिलाल डाड ने बताया कि प्रतिवर्ष टंकी के बालाजी मंदिर में छप्पन भोग का आयोजन किया जाता है। महापौर नगर निगम राकेश पाठक, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, ओम नराणीवाल श्रीगोपाल राठी, केजी तोषनीवाल, राधाकृष्ण सोमानी, भेरुलाल काबरा, केदार गगरानी, संजय जागेटिया के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समिति संरक्षक आशा डाड कोऑर्डिनेटर सुधा चांडक महिला अध्यक्ष रीना डाड, मंत्री अनिता सोमानी, मंत्री नारायण लाहोटी ने बताया कि बालाजी के भोग के साथ भजन का कार्यक्रम भी रखा गया। पूरे प्रांगण को फूलों से सजाया गया सभी के लिए समान ड्रेस कोड था। कार्यक्रम के बाद भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी सीमा सोमानी मधु लड्ढा ने बताया कि सुमन सोनी के भजनों पर सभी झूम उठे।

## प्रोफेशनल लाइफ के साथ सामाजिक और पारिवारिक बंधन को मजबूत करने की पहल

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम भीलवाड़ा द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन ब्रांच अध्यक्ष सपना कोठारी की अध्यक्षता एवं सेंट्रल जोन अध्यक्ष लक्ष्मीलाल गांधी, सेंट्रल जोन फ्यूचरा कन्वेनर सिद्धार्थ जैन, पूर्व राष्ट्रीय सह मंत्री नवीन वागरेचा, अंकुर बोरदिया की विशिष्ट उपस्थिति में हुआ। मंत्री बादल मेहता ने बताया कि समारोह के प्रारंभ में अध्यक्ष सपना कोठारी ने आए हुए सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेशनल्स के सामाजिक और पारिवारिक बंधन को मजबूत करने के लिए किया गया है।

**कासोट के पांचों गांवों को भेजी 25520 फुट पाइप, 250 फ्लैक्सिबल पाइप, 10 एच पी की 9 मोटर, 20 एच पी की एक मोटर और 915 फुट तार**

# संत रामपाल के अनुयायियों ने उठाया कासोट की 2 हजार बीघा से अधिक भूमि से पानी निकालने जिम्मा

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग जिले की ग्राम पंचायत कासोट के पांचों गांवों में करीब 2 हजार बीघा से अधिक कृषि भूमि जलमग्न है जिससे किसान रवी की फसल की बुवाई नहीं कर पा रहे है। लेकिन शासन और प्रशासन ने किसानो की इस समस्या को दूर करने के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाए है।



संत रामपाल महाराज ने अन्नपूर्णा मुहिम के तहत डीग जिले की कासौट ग्राम पंचायत के पांच बाढग्रस्त गांव - बड़ावास, हलई-सौरोतबास, मिर्गावास, नाहर का बास और खैरपुर में जलमग्न कृषि भूमि से पानी की निकासी का बीड़ा उठाते हुए पांचों गांवों के लिए अन्नपूर्णा मुहिम के तहत ट्रकों से रविवार को 25520 फुट पाइप, 250 फुट फ्लैक्सिबल पाइप,10 एचपी की 9 मोटर व 20 एचपी की एक मोटर और 915 फुट बिजली तारों की खेप भेजी है। जिसमें गांव बड़ावास को 4000 फीट पाइप, 40 फीट फ्लेक्सिबल पाइप, दो 10एचपी मोटर और 150 फीट तार दी गई। हलई-सौरोतबास को 5320 फीट पाइप, दो 10एचपी मोटर, 40 फीट फ्लेक्सिबल पाइप और 165 फीट तार दी है। मिर्गावास में 2700 फीट पाइप, तीन मोटर , 70 फीट फ्लेक्सिबल पाइप और 200 फीट तार दी गई। नाहर का बास में 6900 फीट पाइप, 40 फीट फ्लेक्सिबल पाइप और दो मोटर दी गईं, जबकि खैरपुर गांव को 6600 फीट पाइप, 20एचपी मोटर, 60 फीट फ्लेक्सिबल पाइप और 70 फीट तार उपलब्ध कराई गई है।
हर गांव में ट्रेक्टर कपलिंग सेट और पंखे की भी व्यवस्था की गई, जिससे खेतों से पानी निकासी सुचारू रूप से हो सके। पांचों गांवों के ग्रामीणों का कि जल भराव की समस्या का जहां सालों से प्रशासन कोई समाधान नहीं कर पाया वहां संत रामपाल महाराज ने देवदूत की तरह हमारी मदद की है।किसानो का मानना है कि अन्नपूर्णा मुहिम के तहत यह पहल डीग जिले में राहत और पुनर्वास की नई उम्मीद लेकर आई है, जिससे हजारों बीघा भूमि एक बार फिर खेती योग्य बन सकेगी। जैसे ही उपरोक्त सामग्री लेकर कार्यकर्ता कासोट पहुंचे ग्रामीणों ने गर्मजोशी से ढ़ोल नगाडे बजा कर उनका स्वागत किया और संत रामपाल महाराज के लिए पगड़ी भेंट की।

**नया रंग, नई राहें: भीलवाड़ा के विद्यालयों में कायाकल्प का अभियान विद्यालयों का बदलता स्वरूप**

## विद्यालय सौंदर्यीकरण एवम कायाकल्प अभियान भीलवाड़ा जिले में तेजी से हो रहा है कार्य

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार विद्यालय सौंदर्यीकरण एवम कायाकल्प अभियान के तहत जिले के राजकीय विद्यालयों में निर्धारित कलर कोड अनुसार रंग रोगन कराया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के कुल 2764 राजकीय विद्यालयों में से 680 में कार्य पूर्ण कर लिया गया है और 1689 विद्यालयों में कार्य प्रगति पर है।जिले के विकास और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। हमें विश्वास है कि विद्यालय सौंदर्यीकरण एवम कायाकल्प अभियान के तहत जिले के सभी राजकीय विद्यालयों का विकास होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा।
शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भीलवाड़ा जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में रंग रोगन का कार्य 5 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए निदेशालय, मंडल, जिला और ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है और नियमित रूप से कार्य की प्रगति की निगरानी की जा रही है।




**भामाशाहों का सहयोग सराहनीय**

रंगरोगन कार्य में कई भामाशाहों ने भी बढ़-चढक़र सहयोग किया है। जिले के एक उच्च माध्यमिक विद्यालय परासोली में शिक्षक द्वारा स्वयं के खर्चे से 90,000 रुपये की लागत से विद्यालय में रंग रोगन और रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण करवाया गया है।

**दिवाली के त्योहार पर विद्यालयों में रौनक**

दिवाली के त्योहार के उपलक्ष्य में सभी विद्यालयों में रात्रि के समय विद्युत सजावट, लाइटिंग और दीपक आदि की व्यवस्था की गई थी। धनतेरस से प्रारंभ हुए 5 दिवसीय त्योहार के दौरान विद्यालयों में विशेष आयोजन किए गए।

## मांडलगढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** पुलिस थाना मांडलगढ़ ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के प्रकरण का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन एवं वृताधिकारी मांडलगढ़ बाबूलाल के सुपरविजन में थानाधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 7 सितंबर 2025 को प्रार्थी रामचंद्र पुत्र उकार मीणा निवासी देवीसिंह जी का खेड़ा ने रिपोर्ट दी कि दिनांक 6 सितंबर की रात उसका ट्रैक्टर जो होटल के पीछे खड़ा था, सुबह गायब मिला जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस थाना मांडलगढ़ में प्रकरण संख्या 201/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। गठित पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज



खंगाले, स्थानीय स्तर पर आसूचना संकलन किया और चार मुलजिमानों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर चोरीशुदा ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में श्यामलाल पुत्र शंकरलाल दरोगा (35) निवासी सरदार जी का खेड़ा, घमण्डी पुत्र फेलीराम मीणा (24) व मनकेश पुत्र रतनलाल मीणा (23) निवासी घाटा नैनवाड़ी थाना मित्रपुरा, सवाई माधोपुर तथा रामभरौसी पुत्र रतनलाल मीणा (32) निवासी रतनपुरा थाना जावदा जिला दौसा शामिल हैं। पुलिस टीम में थानाधिकारी घनश्याम मीणा, हेडकांस्टेबल प्यारचंद, कांस्टेबल मदनलाल, विरेन्द्र और गिरधारीलाल शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से चोरी के प्रकरण का सफलतापूर्वक खुलासा हुआ है।

## अजमेरी गेट व सुभाष चौक की हाइ मास्ट लाइटें ठप दीपावली की रौनक फीकी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर अजमेरी गेट और सुभाष चौक सर्किल पर हाइ मास्ट लाइट और दीपावली पर्व की सजावटी लाइटें गत चार दिनों से बंद पड़ी हैं। वहीं, शहर की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें और चौराहों की हाइ मास्ट लाइटें रात्रि में जलने के बजाय दिन में जल रही हैं, जो नगर परिषद प्रशासन की कथित लापरवाही को उजागर करती हैं।स्थानीय समाजसेवी हेम चन्द आर्य ने कहा कि परिषद प्रशासन को इस ज्वलंत समस्या की ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए और इसे अविलंब ठीक करना चाहिए, ताकि शहरवासियों को दीपावली पर्व की रोशनी और सुरक्षा का पूरा लाभ मिल सके।



## जीनगर समाज की होनहार दीपिका का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर के चारभुजा नाथ मंदिर परिसर, चांग गेट में रविवार जीनगर समाज की प्रतिभा दीपिका सांखला का राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा प्रतियोगी परीक्षा में अंतिम चयन होने पर समाज बंधुओं ने हर्ष पूर्वक सम्मान किया। दीपिका का स्वागत शाल, कलम, गुलदस्ता और माल्यार्पण से किया गया समाज अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार ने दीपिका को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि आगामी 9 नवंबर की आम बैठक में समाज सुधार के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे, जिनमें सभी को सहयोग भावना से जुडऩा चाहिए दीपिका सांखला ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वाध्याय और निरंतर प्रयास से सफलता संभव है और आगे भी वे नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प रखती हैं। कार्यक्रम में हीरालाल (उप रजिस्ट्रार, सहकारी विभाग, ब्यावर) ने विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा, व्यवहारिक प्रशिक्षण और सहकारी संस्थाओं से जुडऩे की प्रेरणा दी। प्रचार मंत्री जवरीलाल सिसोदिया ने समाज की नवीन कार्यकारिणी के पंजीकरण और भूखंड आवंटन की आवश्यकता पर जोर दिया कोषाध्यक्ष नटवर आसेरी ने समाज की जनगणना तैयारी पर चर्चा की, जबकि सचिव राकेश गहलोत ने सामूहिक प्रयासों से समाज उत्थान की बात कही मीठालाल सांखला ने जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित करने का सुझाव दिया अंत में उपाध्यक्ष रतनलाल सांखला ने सभी आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया उक्त अवसर पर मुकेश निर्वाण, जितेंद्र सांखला, सुरेश सिसोदिया, अरुण आसेरी, कालू सांखला, भगवान छपेरा, कुशाल बायड, ज्ञानचंद चितारा, डिम्पल और चंद्रकला सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।




## प्याज ने निकाले किसानों की आंखों से आंसू: रामपाल जाट- राष्ट्रीय अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ (नि.स.)।** प्याज के दामों में वर्ष 2019 के फरवरी माह के उपरांत सितंबर 2025 में 49.5प्रतिशत की गिरावट आई। इसकी पुष्टि 'उपभोक्ता मूल्य सूचकांक' ने भी की है। यह सरकार की आयात-निर्यात सहित अन्य नीतियों का परिणाम है। देश में 35प्रतिशत तक के उत्पादन वाले महाराष्ट्र राज्य में अति वृष्टि के कारण प्याज की फसल नष्ट होने पर भी सरकारी आंकड़ा इस गिरावट का कारण प्याज की आपूर्ति में अधिकता को बता रहा है। सरकार के आकलन के अनुसार 1 किलो प्याज की उत्पादन लागत 8 से लेकर 10 रुपए प्रति किलो है और उत्पादक किसानों के अनुसार यह 18-20 रूपये प्रति किलो है। जबकि किसानों को खैरथल मंडी में 1 किलो प्याज 5 रुपए में बेचने को विवश होना पड़ रहा है। जिन उपजों के 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' घोषित नहीं होते सरकार ने इस प्रकार के आकस्मिक घाटों से उनके उत्पादकों को बचाने के लिए 'बाजार हस्तक्षेप योजना' बनाई हुई है, किंतु सरकार ने उसके लिए अभी कार्यवाही आरंभ भी नहीं की है। इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' घोषित होने के उपरांत भी सरकारी खरीद की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को मक्का, उड़द, मूंगफली, मूंग, बाजरा, सोयाबीन, कपास जैसी उपजों को 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' से कम दामों पर बेचने को विवश होने से एक क्विंटल पर 3000 रुपए तक का घाटा उठाना पड़ रहा है। तब भी सरकारें 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' पर खरीद की गारंटी का कानून बनाने को तैयार नहीं हैं। राजस्थान सरकार की ओर से किसान महापंचायत के प्रतिनिधि मंडल के साथ 3 अक्टूबर 2025 को हुई वार्ता में किसानों की मांगों पर बनी सहमती के अनुसार राजस्थान सरकार द्वारा सार्थक कार्यवाही नही की गयी है। इससे किसानों में उपजे असंतोष को व्यक्त करने के लिए 17 नवंबर सोमवार को किसान महापंचायत की 'प्रदेश कार्य समिति' जयपुर के शहीद स्मारक पर तथा जिला समितियां जिला मुख्यालयों पर धरना आयोजित करेंगी। इस हेतु से ही 6 अक्टूबर की स्थगित अन्नदाता हुंकार रैली' के स्थान पर 30 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजन का निश्चय किया गया है। ये विचार प्रदेश के प्रमुख कार्यकर्ताओं की लाल कोठी जयपुर में स्थित किसान भवन में संपन्न बैठक को संबोधित करते हुए किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने प्रकट किए। रविवार की बैठक 6 अक्टूबर को स्थगित की गई अन्नदाता हुंकार रैली एवं आगामी रणनीति पर विचार करने के लिए आहूत की गई थी। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घासीराम फगोडिया एवं रोतास बोहरा, प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपीराम डबास, प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया एवं जगदीश नारायण खुडियाला, प्रदेश मंत्री भल्लाराम एवं मनजिंदर सिंह अटवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला अध्यक्षों में क्रमशः जयपुर, खैरथल -तिजारा, एवं टोंक के रामधन गुर्जर, वीरेंद्र क्रांतिकारी एवं गोपीलाल जाट, अजमेर जिला महामंत्री चतुर्भुज चौधरी, तहसील अध्यक्षों में हरसौली के शेर सिंह दहिया एवं मुंडावर के रामभरोस यादव, कोटखावदा तहसील के अध्यक्ष गोपाल मीणा, दूदू उपखंड उपाध्यक्ष रामकिशोर दाधीच, श्रीमाधोपुर तहसील के उपाध्यक्ष मुरलीधर मोड जैसे प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पुलिस द्वारा यातायात नियमों में जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बयाना (यतेन्द्र पाण्डेय)।** यातायात नियमों की जागरूकता को लेकर भरतपुर पुलिस ने पुलिस शहीद दिवस पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को बाइक रैली का आयोजन किया। जिसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली रिजर्व पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर शहर के मल्टीपरपज चौराहा मानसिंह सर्कल बिजलीघर होते हुए काली की बगीची पर समाप्त हुई।

**शहीद दिवस पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम :** जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के अनुसार देश और लोगों की सेवा में जिन पुलिस के जवानों ने अपनी शहादत दी है उनकी याद में शहीद दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 31 अक्टूबर तक यह पखवाड़ा जारी रहेगा। जिसमें अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया गया ?। रैली का उद्देश्य सडक़ सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना। आमजन को यातायात नियमों से अवगत करवाना।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान का रारह में किया भव्य स्वागत एवं अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** ग्राम पंचायत रारह के मिनी सचिवालय परिसर में भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव बालियान के दिल्ली से भरतपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डीग-कुम्हेर के लोकप्रिय विधायक डॉ. शैलेश सिंह जी का भी हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान मिनी सचिवालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें माननीय अतिथियों ने एक पेड मॉ के नाम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान ने ग्राम पंचायत रारह के निरंतर हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा मैंने अपने दस वर्षों के केन्द्रीय मंत्री कार्यकाल में पूरे भारत के हजारों ग्राम पंचायत कार्यालय देखे हैं, परंतु रारह ग्राम पंचायत कार्यालय जितना सुसज्जित, सुव्यवस्थित और आधुनिक भवन तथा इस स्तर के ऐतिहासिक विकास कार्य मैंने कहीं नहीं देखे।

रारह पंचायत का यह मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने ग्राम पंचायत रारह की टीम, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक अतिथियों का स्वागत किया और विकास कार्यों को लेकर ग्राम रारह की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां संगठन, सेवा और विकास की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## धौलपुर में अवैध चंबल बजरी माफिया पर कार्रवाईः 5 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, दो गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले की सरमथुरा थाना पुलिस ने अवैध चंबल बजरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अलसुबह झिरी रोड पर की गई।

पुलिस को मुखबिर से अवैध बजरी परिवहन की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की और चंबल नदी से बजरी लाने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली की घेराबंदी की।

घेराबंदी के दौरान पुलिस ने 5 ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त कर लीं। मौके से दो आरोपी भी गिरफ्तार किए गए, जबकि अन्य आरोपी भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि बजरी खनन के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया है। अवैध बजरी खनन पर की गई कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हडक़ंप मच गया है।

## सैपऊ में हाईवे पर टेंपो पलटाः एक ही परिवार के 7 लोग घायल, दो की हालत गंभीर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले के सैपऊ क्षेत्र में नेशनल हाईवे-123 पर सालेपुर के पास शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार थ्री-व्हीलर टेंपो पलटने से हादसा हो गया। हादसे में एक ही परिवार के सात सदस्य घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सैपऊ पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार, सभी घायल लुधपुरा गांव के निवासी हैं। परिवार के सदस्य शनिवार को भैंसाख तगाबली बाबू मंदिर में पूजा-अर्चना करने गए थे और वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। टेंपो में सवार कालीचरन ने बताया कि वाहन की रफ्तार तेज होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और टेंपो सडक़ किनारे पलट गया।

हादसे में घायल लोगों की पहचान बीरसेन पुत्र विद्याराम लोधा, बुद्धो पत्नी रोशन, बीरमती पत्नी कलुआ, दुर्गेश पत्नी बीरसेन और कालीचरन के रूप में हुई है। सभी घायलों को तुरंत सीएचसी सैपऊ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बीरसेन और एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## श्री बांके-बिहारी जी मंदिर में 19वां अन्नकूट महोत्सव एवं 56 भोग की झांकी आज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर के प्राचीन बिहारी जी मंदिर में सोमवरा को अन्नकूट का आयोजन होगा। इसकी तैयारियां दो दिन पूर्व ही शुरू कर दी गई हैं। मंदिर में करीब 30 हजार श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। बिहारी जी के मंदिर में 19 वां अन्नकूट कार्यक्रम है। अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम में 140 क्विंटल प्रसादी बनेगी।

श्री बांके बिहार मंदिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश कुमार सिंघल ने बतायाकि मंदिर परिसर में करीब 30 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। 60 हलवाई अन्नकूट की प्रसाद बनाने में लगे हुए हैं।

# अग्रवाल समाज का शहर में अग्र अधिवेशन आयोजित

**समाज में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के साथ प्री वेडिंग शूट को रोकने का लिया निर्णय**

**राजनीतिक रूप से मजबूत होने पर ही चलेगा काम, समाज में एकता के साथ ताकत जरूरी**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में पांच राज्यों से आये 12 हजार लोगो ने की शिरकत**

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में अग्रवाल समाज का जिला स्तरीय अग्र अधिवेशन और दीपावली मिलन समारोह बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में आयोजित हुआ। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में आयोजित हुए इस सम्मेलन में प्रदेश के समस्त पदाधिकारी और जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ समाज के दूर-दराज से आए गणमान्य नागरिक ओर जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच से अतिथियों द्वारा दिये गए उदबोद्धन के दौरान निर्णय लिया कि समाज अब फिजूल खर्ची पर रोक लगाये, प्री वेडिंग जैसे सूट समाज के परिवार आयोजित नहीं करें। वही शादी समारोह और अन्य आयोजनों में पहला नेग महाराजा अग्रसेन का लिया जाए।

प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज का यह अग्र अधिवेशन धौलपुर जिले में दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने के अलावा समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए आयोजित हुआ है। वर्तमान में समाज सामाजिक और आर्थिक रूप से तो संपन्न है लेकिन राजनीतिक रूप से समाज अभी भी जरूरतमंद है। इसके लिए सभी लोगों को होगा।

अधिवेशन के दौरान धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति के संरक्षक डॉ आर एस गर्ग, जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल ने भी मंच से अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान यह निर्णय लिया गया कि कोई भी सामाजिक या धार्मिक या शादी समारोह में जब आयोजन हो तो पहला नेग कुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन का लिया जाएगा। इसके अलावा वेडिंग जैसी असंस्कारिक आयोजनों पर रोक लगेगी।

परिवार में बहन बेटी और मां की देखभाल करने के साथ उनके साथ कोई घटना ना हो इसको लेकर सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। जब समाज एकता के साथ आगे बढ़ेगा तो राजनीतिक शक्ति भी प्राप्त होगी। आज हालात यह है कि हर जगह जब कोई काम के लिए समाज के लोग जाते हैं शक्ति मिलने पर समाज की लोगों की बिना पैसों के काम होंगे और वर्चस्व भी बढ़ेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों और जिले के विभिन्न कस्बों से समाज के करीब 12000 लोगों ने अधिवेशन में भाग लिया। इस दौरान धौलपुर महिला जिलाध्यक्ष सरोज मंगल, धौलपुर अग्रवाल महासंती अध्यक्ष ऋषि मित्तल के उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, चेयरमैन भगवती प्रसाद मित्तल, डॉ एसडी मंगल, राजेश कुमार गर्ग, सुनील गर्ग, मुकेश बंसल, श्रीनिवास बिंदल, राधेश्याम बंसल, राधारमन गोयल, बृजमोहन गर्ग, रविंद्र कुमार गर्ग, सुनील मोदी, दिनेश मित्तल, मनोज सिंघल, राजकुमार मित्तल, प्रहलाद गर्ग सहित जिले के समस्त ब्लॉकों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धौलपुर में 40 हजार के इनामी बदमाश बंटू को किया गिरफ्तार

**पुलिस से बचकर भागते समय बाइक पेड़ से टकराई, कट्टा और 6 कारतूस बरामद**

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर कोतवाली पुलिस ने शनिवार देर शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 हजार रुपए के इनामी बदमाश बंटू उर्फ गजेंद्र (26) पुत्र राम अवतार निवासी टुंडे का पूरा को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के दौरान आरोपी घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का देसी कट्टा, छह कारतूस और एक अपाचे बाइक बरामद की है।

**तीन टीमों ने की घेराबंदी :** कोतवाली थाना प्रभारी हरि नारायण मीणा ने बताया कि कॉन्स्टेबल राजवीर, पप्पू और रामपाल को सूचना मिली थी कि इनामी बदमाश बंटू अपने गांव टुंडे का पूरा में आया है। इस पर थाना प्रभारी के निर्देशन में तीन पुलिस टीमें बनाई गईं और इलाके में घेराबंदी की गई।

पुलिस को देखते ही बंटू अपनी बाइक से भागने लगा, लेकिन थोड़ी दूर जाकर नीम के पेड़ से टकराकर गिर पड़ा। इसी दौरान कॉन्स्टेबल राजवीर और पप्पू ने उसे दबोच लिया।

**कई मामलों में वांटेड**

थाना प्रभारी मीणा ने बताया कि बदमाश बंटू पर धौलपुर एसपी की ओर से 35 हजार रुपए और ग्वालियर एसपी की ओर से 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। वह लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ ग्वालियर के महाराजपुर थाने में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

बदमाश की तलाशी में पुलिस को 315 बोर का देसी कट्टा और 6 कारतूस मिले। साथ ही, एक महंगी अपाचे 200 बाइक भी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी को तेज रफ्तार बाइकों का शौक था और वह अक्सर पुलिस को देखकर फरार हो जाया करता था।

# देवउठनी एकादशी पर होगा धाकड़ समाज का सामूहिक विवाह

**28 जोड़ों की होगी शादी, केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान होंगे शामिल**

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** धाकड़ समाज बयाना द्वारा 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में 28 जोड़े विवाह बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए बयाना कस्बे में सब्जी मंडी के पीछे स्थित ग्राउंड पर पांडाल लगाए जा रहे हैं। धाकड़ समाज की कमेटी और समिति से जुड़े सदस्य आयोजन की आवश्यक तैयारियों में दिन-रात जुटे हुए हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सत्यवान सिंह धाकड़ ने बताया- नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान उपहार में दिया जाएगा। इसमें एलईडी टीवी, फ्रिज, अलमारी, सूटकेस, कलाई घडियां, सिलाई मशीन, बेड, चौकी, गद्दे, चादर, पंखा, मिक्सी, प्रेस, बर्तन और कपड़े शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दुल्हनों को सोने-चांदी के मंगलसूत्र, नोजपिन, कुंडल और पायल जैसे आभूषण भी प्रदान किए जाएंगे।

**केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे शिरकत :** आयोजन में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, पूर्व विधायक नरेंद्र नागर और धाकड़ महासभा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजश्री नागर सहित कई जनप्रतिनिधि और समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

विधायक बेगू सुरेश धाकड़, राष्ट्रीय युवा संघ अध्यक्ष डॉ. अर्जुन धाकड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोना सुस्तानी, भूपेंद्र सिंह धाकड़, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, प्रदेशाध्यक्ष इंद्र सिंह मंडलोई, उत्तर प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश धाकड़ और राजस्थान युवा प्रदेशाध्यक्ष रमन धाकड़ भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# एसबीआई कार्ड और मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से धौलपुर के 5 गांव बनेंगे वाइब्रेंट विलेज

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एसबीआई कार्ड और मंजरी फाउंडेशन ने धौलपुर जिले के 5 गांवों कैथरी, घुघरई, विक्रमपुरा, जागीरपुर कला और सेमरा को सरकार की मंशा के अनुरूप वाइब्रेंट विलेज के रूप में विकसित करने के लिए प्रोजेक्ट समृद्ध शुरू किया है। यह पहल ग्रामीण समुदायों की समग्र प्रगति पर केंद्रित है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूती, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिलाओं के सशक्तिकरण और हरित उद्यमिता को बढ़ावा देना शामिल है। इस परियोजना से इन गांवों में लगभग 10,000 ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा।

इस परियोजना के तहत हर गांव में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे, जिसमें युवाओं और महिलाओं के लिए अलग-अलग जोन होंगे, ताकि फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिले। स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना होगी, जिसमें ई-बुक्स, टैबलेट और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा होगी, जिससे बच्चे वैश्विक ज्ञान से जुड़ सकें। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट महिलाओं द्वारा संचालित होगी, जहां प्लास्टिक कचरे का रिसाइक्लिंग होगा और उससे उपयोगी उत्पाद बनाए जाएंगे, जिससे स्वच्छता के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ेगा।



पशु चिकित्सालय का नवीनीकरण किया जाएगा, जिसमें टीकाकरण, दवाइयां और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी। आयुर्वेद अस्पताल का जीर्णोद्धार किया जाएगा और उनके साथ हर्बल गार्डन भी विकसित किए जायेगा, ताकि प्राकृतिक चिकित्सा ग्रामीणों को सुलभ हो।

इसके अलावा सामुदायिक केंद्र बनाए जाएंगे, सोलर स्ट्रीट लाइट्स से हर घर तक रोशनी पहुंचेगी। जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग और तालाबों का जीर्णोद्धार होगा। महिलाओं को हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और प्लास्टिक रिसाइक्लिंग के माध्यम से रोजगार मिलेगा। हरित उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा आधारित स्टार्टअप, जैविक खेती और हर्बल उत्पादों पर विशेष फोकस रहेगा।

**जन सुनवाई कर समस्याओं का समाधान कराने का लोगों को दिलाया भरोसा**

# डॉ. गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विकास कार्यों का किया अवलोकन

**तमरौली गांव की क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण कर विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की**

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यों का अवलोकन किया और तमरौली गांव की खराब सडकों को विधायक कोष से बनवाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को जानकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने विधान सभा के शहरी क्षेत्रों के विभिन्न मौहल्लों व कॉलोनियों के साथ ही तमरौली, तुहिया सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तमरौली गांव की क्षतिग्रस्त सडकों का भी निरीक्षण किया और शीघ्र ही विधायक कोष से खराब सडकों को बनवाने की घोषणा की। डॉ. गर्ग का कई जगह पर स्वागत सम्मान किया गया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों के दुःख सुख में भागीदारी निभाई।

डॉ. गर्ग ने पिछले दिनों विजय नगर कॉलोनी निवासी एडवोकेट हरिमोहन के पुत्र भानुप्रताप का आरएएस में चयन होने पर उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विधायक डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर दूसरे दिन भी जनसुनवाई की। इस दौरान लोगों ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग का लोगों ने साफा, माला व दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया।

# सूने मकान से लाखों की नकदी और सोना चोरी

**दूसरे मकान में सोने गया था मकान मालिक, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने जुटाए साक्ष्य**

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर के डीडी गार्डन क्षेत्र में एक सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। अज्ञात चोरों ने घर से करीब दो लाख रुपए नकद, पांच तोला सोना और अन्य कीमती आभूषण चुरा लिए। घटना का खुलासा शुक्रवार शाम को तब हुआ जब मकान मालिक अपने घर लौटा।

डीडी गार्डन के पीछे रहने वाले असलम पुत्र रहमत खान ने बताया कि वह गुरुवार रात को अपने परिवार के साथ बजरिया स्थित पुराने घर पर सोने गया था। शुक्रवार शाम को जब वह अपने नए घर लौटा, तो उन्होंने देखा कि दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था।

जांच म्म पता चला कि अलमारी में रखे लगभग दो लाख रुपए नकद, करीब पांच तोला सोना और अन्य कीमती आभूषण गायब थे। चोरों ने बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया, जिन्होंने साक्ष्य जुटाए।

## जरूरतमंद महिलाओ की मदद के लिए बढ़ाए कदम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** संतोष कुमार जानकी देवी अरोड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार को अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में 135 पूर्व चयनित जरूरतमंद महिलाओं 300 रूपये की नगद राशि एवं राहत सामग्री वितरित की गई। ट्रस्ट द्वारा पिछले 14 साल से माह के अंतिम रविवार को 125 से 150 चयनित जरूरतमंद महिलाओं को नगद राशि और राहत सामग्री देने के साथ साथ सभी को भोजन भी कराया जाता है। इसी कड़ी में आज 168 वीं किस्त वितरित की गई। इस अवसर पर ट्रस्टी संतोष कुमार अरोड़ा के साथ अपनाघर आश्रम के पदाधिकारी अशोक मेठी, गजेन्द्र सिंह यादव, शिव कुमार दुआ, अर्जुन तख्तानी, के.के. खंडेलवाल, सतीश सारस्वत, विशाल, सुरेन्द्र सोनी आदि उपस्थित रहे।

## समाजहित सर्वोपरि,बानसूर का इतिहास बनेगा तीसरा पन्ना:गुर्जर

### गुर्जर समाज सुधार के लिए हुई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर नगर पालिका क्षेत्र स्थित हरसौरा मार्ग पर गुर्जर समाज के प्रबुद्धजन नागरिकों की बैठक समाज सुधार को लेकर हुई !बैठक की अध्यक्षता बलरामदास महाराज ने की !बैठक में हरियाणा के बाद पनियाला मोड़ स्थित देवनारायण गौशाला प्रांगण के बाद यह तीसरी बड़ी बैठक समाज सुधार को लेकर हुई। गुर्जर समाज के आदेश पर अग्रणी रह रहे पूर्व सरपंच और पूर्व उपप्रधान प्रतिनिधि रतिराम गुर्जर ने कहा कि समाज एकजुट है और पहला पन्ना हरियाणा का दूसरा पन्ना कोटपूतली का तो तीसरे पन्ने पर बानसूर का नाम लिखा जाएगा !उन्होंने कहा कि समाज सुधार को लेकर जो आज बैठक हुई वह उपस्थित समाज के लोगों के लिए सराहनीय रही !उसका कारण है 36बिरादरी में देवनारायण महाराज के वंशजों द्वारा किया गया पहला प्रयास !हमें गर्व है कि हमने देवनारायण महाराज के कुल में जन्म लिया है और अंधकार में डूबे अपने समाज सहित सर्व समाज को आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं !

इस मौके पर पनियाला महापंचायत में पारित किए गए सभी प्रस्ताओं पर समाज ने सहमति जताई !इस मौके पर समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ईमानदारी की पेश की मिसाल:रास्ते में गिरे मोबाइल, पैसे, बैग लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** आज के दौर में,श जहाँ लोग छोटी सी चीज भी नहीं छोड़ते, वहीं जगदीश बढ़वाला(पिराना) ने ईमानदारी की बड़ी मिसाल पेश की है। नीमला निवासी जगदीश बढ़वाला ने रविवार सुबह गांव नीमला में एक यात्री का गिरा हुआ बैग लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। बैग में नकद राशि, एक फोन और अन्य कीमती सामान था। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह गांव नीमला के होली स्टैंड पर सुरेश शर्मा (शोभापुरा निवासी) का एक बैग गिर गया था। जगदीश बढ़वाला ने यह बैग देखा और उसे सुरक्षित रख लिया। बैग की जाँच करने पर उसमें एक मोबाइल फोन, पर्स, कुछ कपड़े, बच्चों के खिलौने और हजारों रुपये से भरा एक लिफाफा मिला। तत्काल, जगदीश बढ़वाला ने बैग में मिले फोन के माध्यम से सुरेश शर्मा को संपर्क किया और उन्हें बैग मिलने की सूचना दी।

सूचना मिलते ही सुरेश शर्मा शोभापुरा से नीमला पहुँचे। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में जगदीश बढ़वाला ने वह बैग सुरेश शर्मा को सौंप दिया। सुरेश शर्मा ने अपनी खोई हुई राशि और सामान वापस पाकर जगदीश बढ़वाला का दिल से आभार व्यक्त किया और उनकी ईमानदारी की जमकर प्रशंसा की।

## अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का अध्यक्ष बनने पर हरिमोहन मीना का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ब्लॉक रैणी का अध्यक्ष बनने पर हरिमोहन मीना का रविवार को माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। उनका यह सम्मान नरेंद्र मीना(ठेकेदार) के निज निवास पर किया गया। नटराज मीना ने बताया कि इस दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रैणी रामस्वरूप मीना, उप प्रधानाचार्य भरतलाल, व्याख्याता खुशीराम मीना, कुन्दन, बिजेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## नीमला में नीलगाय के बच्चे को श्वान के चंगुल से बचाया

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** मानवता और जीव दया की मिसाल पेश करते हुए गांव नीमला निवासी रमाकांत बढ़वाला और मातादीन बढ़वाला ने एक नवजात नीलगाय के बच्चे की जान बचाई। यह बच्चा आवारा कुत्तों के एक झुंड के हमले का शिकार हो गया था और गंभीर खतरे में था। रविवार की सुबह रमाकांत और मातादीन ने खेत से चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनीं। पास जाकर देखा तो आवारा कुत्तों का एक झुंड नीलगाय के एक छोटे से बच्चे को नोंच रहा था। दोनों ने बिना किसी देरी के अपनी जान की परवाह न करते हुए बहादुरी से कुत्तों को खदेड़ा और घायल बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला।

### क्षत्रिय कार्मिक समिति अलवर की ओर से दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा और संस्कार से ही समाज एवं देश की उन्नति संभव- जितेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** क्षत्रिय कार्मिक समिति अलवर कीऔर से होटल अलवर रॉयल में दीपावली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सुप्रारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंहए विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिला संजय सिंह नरूका एवं उम्मेद भाया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व बीज निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम का संचालन समिति के युवराज सिंह तंवर ने किया। कार्यक्रम में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित अभ्यर्थियों प्रियंका नरूका, शालू नरूका, गजेन्द्र चौहान, पूजा चौहान, सुदीप सिंह तंवर सहित सेवानिवृत कार्मिकों, पदोन्नत कार्मिकों एवं विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा एवं संस्कार से ही घर परिवारए समाज एवं देश की उन्नति संभव है। सिंह ने समाज के सभी कार्मिक एवं युवा प्रतिभाओं से सर्व समाज एवं देशहित में कर्मयोगी बनकर कार्य करने का किया आह्वान।सिंह ने सर्व हित में सेवाभाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व बीज निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी लोग एकजुट होकर सकारात्मक प्रयास करे। राठौड़ ने ईडब्ल्यूएस के सरलीकरण के विषय में अपने विचार रखें। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि संजय सिंह नरूका ने कहा कि क्षत्रिय कार्मिक संगठन समाज हित में निरंतर बेहतर कार्य कर रहा हैए सभी को एकजुट करने में समिति का योगदान अहम है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष उम्मेद भाया ने अपने संबोधन में कहा संस्कार, मर्यादा, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण पंच प्रण का पालन करते हुए सामाजिक उत्थान में भूमिका अदा करने का आव्हान किया।



इस अवसर पर क्षत्रिय कार्मिक समिति के पदाधिकारीगण एवं प्रमुख सदस्यगण डॉ सुनील चौहान पीएमओ, डॉ जी एस राठौड़, डॉ पवन सिंह शेखावत, भूप सिंह नरूका, भूप सिंह चौहान, लाल सिंह राघव, नरेंद्र सिंह जादौन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनीता राघव, कमल सिंह राठौड़, सूबे सिंह जादौन, रोशन सिंह शेखावत, प्रियांशु राठौड, शिक्षाविद डॉ.एम पी एस चंद्रावत एवं सैकड़ों की संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

### वन राज्यमंत्री ने श्री परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा

## प्रतिभाएं समाज का नाम रोशन कर राष्ट्र सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं - वन राज्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने थानागाजी में श्री परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत कर प्रतिभाओं का सम्मान किया। वन राज्य मंत्री श्री शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालक-बालिकाएं अपनी प्रतिभा के बल पर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन कर भारत माता की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता एवं हमारी सरकार की विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप जल्द ही लगभग 20 करोड के बजट से भर्तृहरि पुलिया का पुनर्निर्माण कार्य एवं कुशलगढ़ मोड़ से थैंक यू बोर्ड तक क्षतिग्रस्त सडक़ का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिसका आमजन के साथ-साथ पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर घनश्याम गुर्जर, जगदीश बोहरा, तेजपाल शर्मा, राजेश शर्मा, पं. जलेसिंह, हनुमान सहाय जाखड़, ओमप्रकाश शर्मा, रोहिताश घांघल, महेंद्र, अभिषेक मिश्रा, सागर यादव, चौतन्य शर्मा, यश शर्मा क उपस्थित रहे।



## मन की बात कार्यक्रम देश के लिए भरोसा और विश्वास : शेखावत

### मन की बात कार्यक्रम से पूर्व व बाद में शेखावत ने की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र नारायणपुर -ज्ञानपुरा स्थित विधायक आवास पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जनसुनवाई में आए लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बातसुनी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जनसुनवाई में उपस्थित लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात देश के लोगों के लिए भरोसा और विश्वास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस गति से देश का विकास करने में लगे हैं इससे पूर्व किसी ने इतनी तीव्रगति से देश व नागरिकों का विकास नहीं किया !उन्होंने कहा कि हम सब भारतीयों को चाहिए कि हम सबको मिलकर देश की प्रगति में निरंतर मोदी जी का साथ देना चाहिए और प्रत्येक त्यौहारों पर देश के नागरिकों के साथ खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस गति से देश की प्रगति की अर्थव्यवस्था में उछाल आया है उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते थे !स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने मन की बात कार्यक्रम से और बाद में जनसुनवाई भी की। उन्होंने परिवेदनाओं पर सम्बंधित अधिकारीयों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश भी दिए।इस मौके पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं सहित विधानसभा क्षेत्र से जनसुनवाई कार्यक्रम में पीडित लोग भी काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।इस मौके पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा विधायक देवीसिंह शेखावत का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान भी किया गया।

## सीमेंट के पौल और कांटेदार तार चुराने वाले दो गिरफ्तार

### हरसौरा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए खेत में लगे सीमेंट के पौल व कांटेदार तारों को चोरी करने मुल्जिम़ान बाबूनाथ व कुमेरनाथ को गिरफ्तार किया है।घटना का विवरण इस प्रकार है।24अप्रेल 2025को परिवादी ज्ञानसिंह पुत्र दाताराम जाति मेघवाल आयु 28साल निवासी नांगललाखा थाना हरसौरा में उपस्थित होकर प्रकरण दर्ज करवाया। प्रकरण में परिवादी ने बताया कि उसके खेत की न्यायालय के आदेश पर तारबंदी व पत्थर गड़ी की गई थी। जिसमें चार क्विंटल तार व 60सीमेंट के पौल लगाए गए थे।जब मैं 14फरवरी 2025को खेत में गया तो मौके पर तार व सीमेंट के पौल नहीं थे।मुझे सूचना मिली की बाबूनाथ पुत्र विश्रामनाथ तथा कुमेर नाथ व मनोहर नाथ पुत्रान बाबूनाथ जाति कालबेलिया व अन्य लोगों ने मिलकर चोरी कर ली।हरसौरा थाना पुलिस ने गहनता से जाँच पड़ताल शुरू की।

वहीं राहुल प्रकाश पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर, कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि वांछित मुल्जिम़ानों के खिलाफ अभियान के तहत समस्त थानाधिकारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए थे।जिसकी पालना में विशेष अभियान के तहत 24अक्टूबर 2025को अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन तथा बानसूर वृतांधिकारी दशरथ सिंह के निर्देशन में प्रकाशसिंह थानाधिकारी हरसौरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था।

टीम ने गहानता से अनुसन्धान करते हुए जाँच पड़ताल की और मुल्जिम़ानों को गिरफ्तार कर थाना हरसौरा लेकर आई।जिनकी निशानदेही से चोरी हुए 37सीमेंट के पौल व करीब एक क्विंटल कांटेदार तार बरामद किए गए। टीम में हरसौरा थानाधिकारी प्रकाश सिंह,हैडकांस्टेबल अमरसिंह, कांस्टेबल गजराज तथा ललित कुमार शामिल रहे।

## शिक्षा प्रगति का माध्यम है, प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर युवा अपने लक्ष्य को अर्जित करें -वन राज्य मंत्री शर्मा

### अभा कोली समाज जिला शाखा अलवर का प्रतिभा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने आज अलवर में कला भारती रंगमंच पर अखिल भारतीय कोली समाज जिला शाखा अलवर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की। वन राज्य मंत्री शर्मा ने समाज के मेधावी बालक-बालिकाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश एवं समाज की उन्नति में युवाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर सामाजिक उत्तरदायित्व में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बालकों की शिक्षा के साथ ही बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बालिकाएं शिक्षा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल स्थान प्राप्त कर रही हैं। इस अवसर पर श्री घनश्याम गुर्जर, पं. जलेसिंह, रमेश, गजेंद्र, डॉ. पप्पू राम कोली, सुश्री तपस्या कोहली, सागर यादव, यश शर्मा मौजूद रहे।

## प्रोफेसर जुगमंदिर तायल की स्मृति में प्रति वर्ष दिया जायेगा सम्मान

### पहला सम्मान प्रोफेसर मोहन श्रोत्रिय को मिलेगा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर मेवात शिक्षा एवं विकास संस्थान एमिड द्वारा प्रगतिशील साहित्यकार. शिक्षक एवं सांप्रदायिक सद्भावना के लिए समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर जुगमंदिर तायल की स्मृति में प्रति वर्ष उनकी जयंती (16 नवम्बर) पर ऐसे व्यक्ति को सम्मान दिया जायेगा जिसका समाज, संस्कृति, साहित्य लेखन और राजनीति के क्षेत्र में संवैधानिक आदर्शों, मानवीय मूल्यों और तार्किक दृष्टि को स्थापित करने या प्रसार करने में योगदान रहा हो। इस अवसर पर प्रोफेसर जुगमंदिर तायल स्मृति व्याखान का आयोजन भी किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए एमिड के निदेशक नूर मोहम्मद ने बताया कि सम्मान स्वरूप 21 हजार रुपएए शॉल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। इस वर्ष का सम्मान प्रोफेसर मोहन श्रोत्रिय को दिया जाएगा। उनका चुनाव साहित्यकार जीवनसिंह मानवी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने किया है। चयन समिति में पूर्व प्राचार्य नीलाभ पंडित, डॉ.आसीन खान एवं डॉ. भरत मीना बतौर सदस्य शामिल रहे हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह मानवी ने बताया कि सम्मान हेतु चुने गए प्रोफेसर मोहन क्षोत्रिय पेशे से अंग्रेजी के प्रोफेसर रहे हैं। वे प्रोफेसर जुगमंदिर के साथ अध्यापन कार्य करते हुए सदैव सामाजिक, शैक्षिक, मानवीय व संवैधानिक मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता के साथ समर्पित शिक्षक नेता रहे हैं।

### नेक कमाई की ओर से 11 बेटियों का एक साथ कन्यादान

# समाज का मिलकर कन्यादान करना देश भर में अनुकरणीय

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन और खंडेलवाल महिला मंडल संस्थान की ओर से रिवाज रिसोर्टस में 11 बेटियों का एक साथ कन्यादान हुआ।

इस कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, राज्य में मंत्री रहे धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, पवन गोदारा, विधायक ललित यादव , कांग्रसी नेता रोहिताश चौधरी, दीनबंधू शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंच कर कन्यादान किया। इस कार्यक्रम में अतिरिकत पुलिस अधीक्षक डा. प्रियंका ने कन्यादान किया और बेटियों को सफल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रोजेकट आफिसर बिंदू कपूर के नेतृत्व में कुटीर उद्योग के माध्यम से अग्रणी रही महिलाओं और सोशल मीडिया में अग्रणी युवा यूटयूबर को सममानित किया गया।

अतिथियों का स्वागत खंडेलवाल महिला मंडल संस्थान की अध्यक्ष अदिति गुप्ता, संरक्षक दौलत राम हजरती, मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हरमीत ङ्क्षसह मेहंदीरता, महासचिव राकेश , मंजू चौधरी अग्रवाल ,ख्मीना तनेजा, गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह, समाज सेवी डा. बी. बी. गौतम, डा.जी.डी. मेहंदीरता, कॉमर्स कॉलेज के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव, मत्स्य विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव डा. आशुतोष शर्मा , गुरप्रीत सिंह और ललित बेनीवाल ने किया। मंच संचालन रेखा महलावत ने किया। कार्यक्रम में सममानित होने वाले यूटयूबर सुरेन्द्र चौहान, आसिफ खान, तारेश जोरवाल, रेखा, तारेश जोरवाल, उमेश, मानवेन्द्र सिंह, यशवंत शर्मा, विनोद खन्ना, सुदेश मीणा, पवन सैनी, मोहित मीणा और आकाश मीणा थे। आभार अभिषेक तनेजा ने जताया। संरक्षक दौलत राम हजरती ने संस्था के कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर महावर महिला मंडल की अध्यक्ष कुमकुम महावर, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका आशा सुमन, सुरेश हुंडी वाला सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर बिंदू कपूर के नेतृत्व में स्वयं सहायता की समूह की महिलाओं ने ग्रुप डांस तथा रचना चौधरी ने एकल नृत्य किया। प्रशांत शर्मा के गीतों को सराहा गया। कार्यक्रम में फल सबजी मंडी यूनियन के पदाधिकारी सौरभ कालरा, सचिन सकसेना सहित शहर के कई हिस्सों से आए लोगों ने कन्यादान किया। अदिति गुप्ता ने इस कार्यक्रम में सभी के सहयोग को सराहा।



### समाज की ओर से कन्यादान करना देश भर के लिए रोल मॉडल

समारोह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नेक कमाई का कन्यादान कार्यक्रम देश भर में अनुकरणीय ही नहीं रोल मॉडल है। तीन साल में 280 कन्यादान करना अपने आपमें शानदार है। समाज का यह कर्तव्य बनता है कि वह जरूरतमंदों की मदद में आगे आए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, पवन गोदारा और विधायक ललित यादव ने नेक कमाई के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए बेटियों के सफल भविष्य की कामना की।

**दूल्हनों को डांस करते हुए लेकर आई :** मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर 11 दुल्हनों को स्टेज तक महिलाएं उनके ऊपर चुन्नी ओढ़ाकर डांस करती हुई लेकर आई जिससे वातावरण भाव-विभोर कर देने वाला हो गया। एडिशनल एसपी डा. प्रियंका ने इन दुल्हनों की अगुवानी की और उनके साथ डांस भी किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

# विधानसभा अध्यक्ष ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का किया शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सीसी सड़क, नाला एवं सामुदायिक भवन निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। इनसे स्थानीय नागरिकों को बरसात, पेयजल और आवागमन से जुड़ी परेशानियों से स्थायी राहत मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। सड़क निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें वार्ड संख्या 03 के न्यू गीता कॉलोनी, आर.के.पुरम और विनायक विहार क्षेत्रों में कुल 92.55 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य होंगे। इसके अंतर्गत न्यू गीता कॉलोनी की गली संख्या 2 व 3 में 22.55 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा। साथ ही, आर.के. पुरम की मुख्य सड़क एवं विभिन्न गलियों में 49 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़कें बनेंगी। इसी क्रम में विनायक विहार में 21 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा । देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर की सड़क कनेक्टिविटी लगातार बेहतर हो रही है। इसके लिए सैकड़ों करोड़ रूपये की लागत से अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया है। इन सड़कों से आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर मोहल्ले और कॉलोनी तक पक्की सड़कें पहुंचे। इसके लिए लगभग संपूर्ण क्षेत्र में सड़क संपर्क स्थापित हो चुका है।

### अंता विधानसभा उपचुनाव-2025

# सामान्य एवं पुलिस पर्यवेक्षक ने किया अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाके का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। अंता विधानसभा उपचुनाव-2025 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक सुभाश्री नंदा एवं पुलिस पर्यवेक्षक श्री गगनदीप गंभीर ने रविवार को शाहबाद क्षेत्र में अंतर्राज्यीय मार्ग पर स्थापित बॉर्डर नाका/चेक पोस्ट बेंहठा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पर्यवेक्षकों ने चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से आवागमन करने वाले वाहनों की जांच प्रक्रिया, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी तथा अवैध धन, शराब या अन्य वस्तुओं की रोकथाम के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर चौकसी और सघन जांच सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर शाहबाद सीओ रिछपाल मीणा, तहसीलदार अनीता सिंह, थाना प्रभारी प्रेमसिंह मीणा तथा लाइजनिंग अधिकारी उपस्थित रहे।अंता विधानसभा उपचुनाव के तहत 11 नवम्बर को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं।

# यूपी : सहारनपुर टायर ऑयल फैक्ट्री में लगी आग, हादसे में दो मजदूरों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सहारनपुर**। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक टायर ऑयल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।घटना शेखपुरा कदीम क्षेत्र की बताई जा रही है। सहारनपुर एसपी सिटी व्योम बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि शेखपुरा कदीम क्षेत्र में एक टायर की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया गया। यहां 7 मजदूरों का होना बताया गया था, जिसमें से 5 मजदूरों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। 2 मजदूरों की मृत्यु हो गई है। इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी। हादसा उस समय हुआ, जब रोजाना की तरह मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। अचानक बॉयलर में तेज धमाका हुआ और चारों तरफ आग फैल गई।

# सलमान खान को पाकिस्तान ने 'आतंकवादी' घोषित किया

बढ़ता राजस्थान

**रत्नागिरी**। बॉलीवुड स्टार सलमान खान को पाकिस्तान ने 'आतंकवादी' घोषित किया है। पाकिस्तान सरकार का फैसला सलमान के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने बलूचिस्तान को अलग मुल्क बताया था। वहीं, अभिनेता सलमान खान को पाकिस्तान सरकार द्वारा 'आतंकवादी' घोषित किए जाने पर मंत्री योगेश रामदास कदम ने कहा कि सलमान खान न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में एक प्रसिद्ध और सम्मानित हस्ती हैं। उनके घर में भगवान गणेश की पूजा भारतीय परंपरा के अनुसार की जाती है। दरअसल, यह पाकिस्तान का अपना ही मजाक उड़ाना है।

### सरदार पटेल की जयंती पर हर जिले में होगी पदयात्राःसीएम बोले...

# मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर बना भारत का अभिन्न अंग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली**। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले यूनिट मार्च को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि धारा 370 की वजह से जम्मू-कश्मीर कट्टरपंथ और अलगाववाद का अड्डा बन गया।

लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण जम्मू-कश्मीर भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बना और सरदार पटेल का अधूरा सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा- 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक देश के हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8 से 10 किमी लंबी पदयात्रा



आयोजित की जाएगी। पदयात्रा के दौरान आमजन सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए आत्मनिर्भर भारत की शपथ लेंगे। इस दौरान योग एवं स्वास्थ्य शिविर, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही, एक जिला-एक खेल योजना के तहत प्रत्येक जिले में स्थानीय प्रचलित खेल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा- 26 नवंबर को संविधान दिवस के दिन प्रदेश के हर जिले से 2-2 पदयात्री सरदार पटेल की जन्मभूमि करमसद से लेकर एकता के प्रतीक स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवडिया तक देशभर के अन्य पदयात्रियों के साथ 152 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा करेंगे।

## सरदार पटेल ने आधा कश्मीर बचाया

इस मौके पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक करने के लिए ऐसे साहसिक कार्य किए, जो कभी नहीं भुलाए जा सकते। उन्होंने हैदराबाद के निजाम को भारत में विलय के लिए मजबूर कर दिया। जब पाकिस्तान के कबाइलों ने कश्मीर में आक्रमण कर उसे हड़प लिया तो पटेल ने तुरंत कदम उठाए और आधे कश्मीर को बचा लिया। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150वीं जयन्ती पर आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जिला और विधानसभा स्तर पर सक्रियता से कार्य करें। खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजुट करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटेल के इसी संकल्प को आगे बढ़ाया और एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। हम सब भारतीय हैं, यही यूनिटी मार्च कार्यक्रम की प्रमुख रूपरेखा है।

### फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कि नाबालिग की अश्लील वीडियों वायरल

# रिश्तेदार ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)**। चाकसू थाना इलाके में रिश्तेदार ने ही नाबालिग लडक़ी से दुष्कर्म किया और किसी को ये बात बताने पर जान से मारने की धमकी । जिसके बाद आरोपी ने पीडि़ता के अश्लील वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। वीडियों वायरल होने की जानकारी मिलने के बाद नाबालिग ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। गुस्साए परिजनों ने पीडि़ता को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहे थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली पीडि़त पिता ने मामला दर्ज कराया है कि रिश्तेदार होने के कारण आरोपी का घर पर आना जाना था। आरोपी ने नाबालिग के अकेलपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को ये बात बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी रिश्तेदार ने अपने मोबाइल में बनाए नाबालिग के अश्लील वीडियो को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर डालकर वायरल कर दिए। पीडि़ता को इस मामले की जानकारी मिलने के बाद उसने अपने पिता के साथ थाने पहुंच आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## प्रेमी ने मिलने का झांसा दे युवती से किया दुष्कर्म

वहीं चौमूं थाना इलाके में एक शातिर युवक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और मिलने का झांसा दे होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शातिर बदमाश ने पीडि़ता को झांसा दे उसका अश्लील वीडियों बनाया और उसे वायरल करने की धमकी देकर गहने और हजारों की नकदी ऐंठ ली। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर इसकी जांच एसीपी झोटवाड़ा सुरेंद्र सिंह राणावत के सुपुर्द कर दी। जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि हरमाड़ा निवासी 24 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि आरोपी से कुछ समय पहले ही उसकी मुलाकात हुई थी। जिसके बाद वो आए दिन एक दूसरे से मिलने लगे। आरोप है कि जून-2025 में आरोपी ने उसे मिलने का झांसा देकर चौमूं इलाके में स्थित एक होटल में बुलाया और अकेलपन का फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने इसी दौरान धोखे से उसका अश्लील वीडियों बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए के सोने -चांदी के आभूषण सहित नकदी हड़प ली।

# नई दिल्ली में सीएम योगी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने अमूल्य समय प्रदान करने के लिए दोनों केंद्रीय मंत्रियों का आभार व्यक्त किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हार्दिक आभार। उन्होंने दूसरे 'एक्स' पर लिखा, "भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। अपना अमूल्य समय प्रदान करने हेतु आपका हार्दिक आभार। एक दिन पहले सीएम योगी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं डबल इंजन सरकार के संकल्प से उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश और आधुनिक कनेक्टिविटी का नया केंद्र बन रहा है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार